महाकविशूद्रककविप्रणीतं

मृच्छकटिकम्

'विमला'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः
आचार्य जगदीशचन्द्र मिश्रः

॥ श्रीः ॥

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला
76

महाकविशूद्रकप्रणीतं

मृच्छकटिकम्

'विमला' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः

आचार्य जगदीशचन्द्र मिश्र

साहित्याचार्य

एम० ए० (द्वितय) पी-एच्० डी० डिप्-इन-एड्०

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

मृच्छकटिकम्

पृष्ठ : 48+564

ISBN : 978-93-81484-57-9

प्रकाशक

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)

के. 37/117 गोपालमन्दिर लेन

पो. बा. नं. 1129, वाराणसी 221001

दूरभाष : +91 542-2335263

email : chaukhambasurbharatiprakashan@gmail.com

website : www.chaukhamba.co.in

संस्करण 2021 ई०

मूल्य : ₹ 240.00

अन्य प्राप्तिस्थान

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस

4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)

गली नं. 21-ए, अंसारी रोड

दरियागंज, नई दिल्ली 110002

दूरभाष : +91 11-23286537; 32996391

email : chaukhambapublishinghouse@gmail.com

•

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

38 यू. ए. बंगलो रोड, जवाहर नगर

पो. बा. नं. 2113, दिल्ली 110007

•

चौखम्बा विद्याभवन

चौक (बैंक ऑफ बड़ौदा भवन के पीछे)

पो. बा. नं. 1069, वाराणसी 221001

THE

CHAUKHAMBA SURBHARATI GRANTHAMALA

76

MṚCCHAKAṬIKA

OF

ŚRĪ ŚUDRAKA

Edited with

'Vimla' Sankrit & Hindi Commentaries

By

Sri Jagdish Chandra Mishra

Sahityacharya, V. S.

M. A. (Double) Ph. D., Dip-in Ed.

CHAUKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN

VARANASI

MṚCCHAKAṬIKA
Pages: 48+564

(Oriental Publishers & Distributors)
K. 37/117, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1129
Varanasi 221001
Tel. +91 542-2335263; 2335264
email : csp_naveen@yahoo.co.in
website : www.chaukhamba.co.in

Also can be had from :

CHAUKHAMBA PUBLISHING HOUSE
4697/2, Ground Floor, Street No. 21-A
Ansari Road. Darya Ganj
New Delhi 110002
Tel. +91 11-23286537
email: chaukhambapublishinghouse@gmail.com

•

CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
38 U. A. Bungalow Road, Jawahar Nagar
Post Box No. 2113
Delhi 110007

•

CHAUKHAMBA VIDYABHAWAN
Chowk (Behind Bank of Baroda Building)
Post Box No. 1069
Varanasi 221001

भूमिका

नामकरण की अन्वर्थकता

दार्शनिक दृष्टि से नामों में अन्वर्थकता का अभाव खटकता है। साहित्यिक दृष्टि नामों में सार्थकता मानती है। इस नामौचित्य के सम्बन्ध में क्षेमेन्द्र की 'औचित्यविचारचर्चा' में लिखा है—

'नाम्ना कर्मानुरूपेण ज्ञायते गुणदोषयोः'।

ऐसी स्थिति में किसी नाटक के प्रकृत अर्थ के अनुकूल नाम चुनने में कवि की कला परिलक्षित होती है। प्रस्तुत अर्थ के अनुरूप नाम के सुनते ही सहृदयों के हृदय विकसित हो जाते हैं। महापात्र विश्वनाथ की दृष्टि में किसी भी नाटक का नाम तो उसके गर्भित अर्थ का ही प्रकाशक होना चाहिए—

'नामकार्यं नाटकस्य गर्भितार्थप्रकाशकम्'।

यदि इसे हम प्रकरण मानते हैं, तब भी 'मालतीमाधव' की तरह इसका भी नामकरण नायिका-नायक के नाम पर आधारित 'वसन्तसेनाचारुदत्तम्' होना चाहिए था। क्योंकि साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में लिखा है—

'नायिकानायकाख्यानात् संज्ञाप्रकरणादिषु'।

तो फिर इस धूर्त्तसंकुल प्रस्तुत प्रकरण का शीर्षक 'मृच्छकटिकम्' अर्थात् 'मिट्टी की गाड़ी' की अन्वर्थकता क्या है? सर्वप्रथम यह प्रकरण संस्कृत रूपकों में घटनाचक्र की दृष्टि से अपूर्व एवं अतुलनीय है। घटनाचक्र की गत्यात्मकता इस रूपक की अपनी प्रमुख विशेषता है और यह नाम प्रकरण की एक घटना से सम्बद्ध है। नायक चारुदत्त का पुत्र रोहसेन मिट्टी की गाड़ी से खेलना बन्द कर देता है। वह भी अपने प्रतिवेशी सम्पन्न शिशु की तरह सोने की गाड़ी से खेलना चाहता है। नहीं मिलने पर उसके लिए रोता है। रोते-रोते गृहपरिचारिका रदनिका के साथ वसन्तसेना के पास तक पहुँच जाता है। कारण जानने के बाद वसन्तसेना उसकी मिट्टी की गाड़ी को अपने सोने के गहनों से भर देती है। ये गहने ही बाद में विदूषक के पास पकड़े जाते हैं और चारुदत्त के द्वारा स्वर्णाभूषण के लिए वसन्तसेना की हत्या किये जाने के प्रमाण बन जाते हैं।

यद्यपि मिट्टी और सोने की गाड़ी का यह कथानक बहुत छोटी घटना मालूम पड़ती है, किन्तु वास्तव में यह एक नाटकीय पूर्वाभास है। आगे चलकर घटित होने वाली प्रवहणपरिवर्तनरूपी महत्त्वपूर्ण घटना की सूचना है। षष्ठ अंक में प्रवहणपरिवर्तन के कारण ही वसन्तसेना चारुदत्त के पास पहुँचने के बदले दुष्ट शकार के पास पहुँच जाती है. और राजबन्दी भावी सम्राट्

आर्यक चारुदत्त का शरणागत बन जाता है। इसी प्रवहणपरिवर्त्तन के कारण शकार द्वारा वसन्तसेना की हत्या होती है। वसन्तसेना की हत्या के आरोप में दरिद्रचारुदत्त को न्यायालय से प्राणदण्ड की सजा मिलती है। इसी प्रवहण-परिवर्त्तन के कारण इधर राजबन्दी आर्यक राजा पालक की हत्या कर चारुदत्त का प्राणरक्षक बन जाता है।

अपने मूर्त्तरूप आकार के कारण इस प्रकरण की घटनाएँ न केवल अधिक रुचिकर हैं, प्रत्युत् हठात् हमारे मन को अपनी ओर आकृष्ट कर लेती हैं। इस आकर्षण का रहस्य इस प्रकरण की अनेक घटनाओं की क्रिया-प्रतिक्रिया न होकर उसमें निहित हमारे मनस्तत्त्व एवं भाव हैं। घटना वसन्तसेना का अभिसार हो या उसकी हत्या, सभी का संयोजन इस तरह किया गया है कि वे हमारी आँखों के सामने अनन्त रंगों में जगमगा उठती है। इस प्रकरण का प्राण घटना है और घटनाओं से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है—उसमें निहित चरित्र और चरित्र से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है—इसकी सफल अभिव्यक्ति। पात्र चाहे चारुदत्त हो या वसन्तसेना, शकार हो या शर्विलक; इनकी मनोवृत्तियों का प्रकरण की घटनाओं से गहरा सम्बन्ध है और घटनाओं का सम्पूर्ण गतिचक्र संचालित है 'प्रवहण परिवर्तन' पर। रोहसेन की मिट्टी की गाड़ी इन घटना-चक्रों की धुरा है। अतः इस प्रकरण के नामकरण 'मृच्छकटिकम्' की सूपयुक्तता स्पष्ट है।

विभिन्न आलोचकों ने इस नामकरण के औचित्य को अपने-अपने ढंग से प्रमाणित किया है। कुछ की दृष्टि में चारुदत्त का पुत्र रोहसेन अपनी मिट्टी की गाड़ी से सन्तुष्ट नहीं है। उसे अपने प्रतिवेशी सम्पन्न सार्थवाह के बेटे की सोने की गाड़ी जैसी गाड़ी चाहिए। इस असन्तोष की आग में प्रायः प्रकरण के सभी पात्र झुलस रहे हैं। चारुदत्त अपनी साधुचरित्रा, विनाहिता धूता से सन्तुष्ट नहीं है, उसे कमनीयकलेवरा गणिका वसन्तसेना चाहिए। वसन्तसेना सहजसुलभ सम्पन्न शकार को नहीं चाहती। उसे दरिद्र किन्तु सम्पन्न ब्राह्मण चारुदत्त चाहिए। अपनी मिट्टी की गाड़ी की जगह सोने की गाड़ी की रोहसेन की चाह सर्वव्यापी असन्तोष का प्रतीक है। अतः उसकी मिट्टी की गाड़ी को आधार मानकर इस प्रकरण का उपयुक्त नाम 'मृच्छकटिकम्' ठीक ही है।

कुछ अन्य विद्वानों की दृष्टि में अतिसमृद्ध चारुदत्त की अतिदानशीलता के कारण होने वाली दरिद्रता को सूचित करने के लिए उसके बेटे को मिट्टी की गाड़ी खेलने के लिए दी जा रही है, जबकि वह सोने की गाड़ी से खेलने को तरस रहा है। मिट्टी की इस महत्ता को दर्शाने के लिए इस प्रकरण का नामकरण 'मृच्छकटिकम्' रक्खा गया है।

कुछ आलोचकों की दृष्टि में मृच्छकटिक की कथावस्तु के दो भाग हैं। चारुदत्त और वसन्तसेना की प्रणय-गाथा और दूसरा राज्य-विप्लव और आर्यक

की राज्य-प्राप्ति । भास के नाटकों की उपलब्धि के पश्चात् यह प्रायः निश्चित हो चुका है कि शूद्रक ने अपने मृच्छकटिक की कथावस्तु का आधार भास के 'दरिद्र चारुदत्त' को बनाया है, क्योंकि दोनों कथा के बहुलांश में शब्दतः और अर्थतः समानता है । प्रकरण का प्रथम भाग पंचम अंक तक है, जो भास के चारुदत्त से गृहीत है और दूसरा भाग षष्ठ से दशम अंक तक का है, जो कविकल्पना प्रसूत है । इन दोनों भागों को मिलाकर मृच्छकटिक का निर्माण है । रोहसेन के द्वारा मिट्टी की गाड़ी से नहीं खेलने की घटना कवि-रचित नवीनांश के प्रारंभ में ही आती है । पूर्वापर घटना को स्पष्ट रूप देने के लिए ही कवि ने प्रकरण का नाम मृच्छकटिक रक्खा है । इस प्रकार विद्वानों के उर्वरक मस्तिष्क ने अनेक प्रबुद्ध कल्पनाओं से इस समस्या का समाधान ढूंढ़ा है ।

किन्तु मेरी दृष्टि में घटनौत्सुक्य ही शब्द या अर्थ की दृष्टि से अतिरमणीय एवं आकर्षक है और इस नामकरण का यही मूल रहस्य है । जहाँ भारतीय नाटकों का उद्देश्य एक मात्र रसनिष्पत्ति है; वहाँ प्रचलित परम्परा से हटकर यह प्रकरण जीवन की भौतिकता, कर्मसंकुलता और संघर्ष के प्रति आग्रहवान् है । इसकी हर घटना वह चाहे आन्तरिक हो या बाह्य, किसी न किसी वैषम्य या संघर्ष को ही दिखलाती है । यही कारण है संस्कृत के अन्य नाटकों से भिन्न इसकी पंक्ति-पंक्ति में जीवन की ऊष्मा के दर्शन होते हैं । चारुदत्त या शकार के चरित्र में क्षमा, हत्या या प्रतिशोध के कार्य हैं, वे इस प्रकरण के आकर्षण नहीं हैं । प्रत्युत् उनके कारण उन घटनाओं का जो मनोवैज्ञानिक उतार-चढ़ाव दिखलाया गया है, वे ही इस प्रकरण के प्राण हैं । अतः प्रवहण-परिवर्त्तन घटना-सम्भूत 'मृच्छकटिकम्' नाम की सूपयुक्तता स्पष्ट है । समग्र प्रकरण में नाम की अन्वर्थक क्षमता व्याप्त है ।

मृच्छकटिक के कर्त्ता

संस्कृत नाटयसाहित्य का प्रगल्भ प्रकरण 'मृच्छकटिक' राजा शूद्रक की कृति के रूप में विख्यात है । यह अपने ढंग का अकेला नाटक है । इसमें एक साथ प्रणय कथात्मक प्रकरण, धूर्त्तसंकुल भाण तथा राजनीतिक नाटक का वातावरण दूध-पानी की तरह घुला-मिला प्रतीत होता है । संस्कृत साहित्य में यह अकेला नाटककार है, जिसने अपने युग की सामाजिक समस्याओं को अपने नाटक का विषय बनाया है । जीवन और समाज की विसंगतियों को लेकर गहरी चोट करने वाली घटनाएँ तथा झकझोर देने वाले व्यंगों को सही दिशा में निर्देशित ही नहीं किया है, प्रत्युत् उन्हें पूर्णतः प्रतिबिम्बित किया है । किन्तु यह प्रकरण कब लिखा गया ? किसने लिखा ? इन दो प्रश्नों की समस्या अब तक पूरी तरह सुलझ नहीं सकी है ।

मृच्छकटिक की प्रस्तावना में लिखित श्लोक सं० ३, ४, ५, ६, ७ के अनुसार द्विजों में श्रेष्ठ शूद्रक नाम का कोई एक राजा था। वेद-वेदान्तादि विद्या में वह पारङ्गत था। हस्ति-शिक्षा और अनेक कलाओं का वह ज्ञाता था। उसने अपने पुत्र को राजा बनाकर दस दिन अधिक सौ साल की उम्र में अग्नि-प्रवेश किया था। उसी राजा शूद्रक ने उज्जयिनी के सार्थवाह दरिद्र-चारुदत्त तथा वसन्तसेना की प्रणयगाथा को लेकर इस प्रकरण की रचना की है। बस, इसी प्रस्तावना के कारण शूद्रक को मृच्छकटिक का रचनाकार मानने में कई आपत्तियाँ उपस्थित होती हैं। क्या प्रस्तावना के ये पाँच श्लोक भी शूद्रक के हैं? यदि हाँ, तो फिर उन्हें अपनी आयु की ईयत्ता का यथार्थ वोध कैसे हुआ? वह यह कैसे जान सका कि दस दिन अधिक सौ साल की आयु में वह अग्निप्रवेश करेगा—

'लब्ध्वा चायुः शताब्दं दशदिनसहितं शूद्रकोऽग्नि प्रविष्टः'। आगे चलकर उसकी मृत्यु कब और कैसे होगी? इसका सही उल्लेख ही हमारे सन्देह को पुष्ट करता है। इसके अतिरिक्त 'एतत् कविः किल', 'कविर्बभूव', 'चकार सर्वं किल शूद्रको नृपः' इस 'किल' 'चकार' 'बभूव' के प्रकाश में यह भी मानना पड़ेगा कि शूद्रक के मरने के बहुत काल बाद इन श्लोकों की रचना की गई और उन्हें प्रस्तावना के स्थान पर जोड़ दिया गया। तो फिर प्रश्न यह उठता है कि यदि ये प्रस्तावना के पद्य शूद्रक के नहीं हैं तो ये पाँच पद्य किसने जोड़े? और क्यों? क्या शूद्रक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं? अगर हाँ, तो कब हुए? ये कुछ ऐसे जटिल प्रश्न हैं, जिन पर अनेक विद्वानों ने अलग-अलग अपने अभिमत व्यक्त किये हैं। किन्तु, जहाँ तक मेरी जानकारी है—आज तक इसका कोई सर्वसम्मत समाधान प्रस्तुत नहीं किया जा सका है।

शूद्रक कौन थे?

शूद्रक संस्कृत साहित्य का एक बहुचर्चित व्यक्तित्व रहा है। स्कन्दपुराण में एक शूद्रक का उल्लेख मिलता है। कुछ ऐतिहासिक इन्हें ही 'मृच्छकटिक' के कर्त्ता शूद्रक मानते हैं। कुछ लोग इन्हें आंध्रवंश के प्रथम राजा सिशुक या सिमुक अथवा सिप्रक से अभिन्न व्यक्ति मानते हैं। प्रो० स्टेन कोनो के अनुसार आभीर वंश के राजा शिवदत्त का ही दूसरा नाम शूद्रक था। कुछ लोग आभीर राजा शिवदत्त को शूद्रक मानने की क्लिष्ट कल्पना को पुष्ट करने के लिए मृच्छकटिक के गोपालदारक आर्यक में शिवदत्त को देखना चाहा है। 'वेतालपञ्चविंशति' में तथा कल्हण-कृत राजतरङ्गिणी और कथासरित्सागर में शूद्रक के सम्बन्ध में कई कथाएँ पाई जाती हैं। पं० चन्द्रबली पाण्डेय ने शूद्रक को आन्ध्रवंश का वासिष्ठी-पुत्र पुलुमावि माना है। 'अवन्तिसुन्दरीकथासार' में इन्द्राणिगुप्त का दूसरा नाम शूद्रक वतलाया गया है। वासिष्ठी-पुत्र पुलुमावि ही शूद्रक हैं। बाण के हर्षचरित से ज्ञात होता है कि शूद्रक ने अपने शत्रु

चन्द्रकेतु, चकोर के राजा से किस तरह छुटकारा पाया। कादम्बरी में शूद्रक विदिशा का राजा है। दण्डी के दशकुमारचरित में भी शूद्रक का उल्लेख मिलता है। इन उल्लेखों पर ध्यान देने से पता चलता है कि बाद में जाकर शूद्रक भी उदयन की भाँति लोककथाओं का नायक बन गया होगा और उसके साथ भी कई कहानियाँ जोड़ दी गईं होंगी।

शूद्रक और मृच्छकटिक

डॉ० पिशेल के मतानुसार 'मृच्छकटिक' के रचयिता दण्डी हैं। उनका कहना है कि दण्डी ने तीन कृतियाँ लिखी थी—'त्रयो दण्डिप्रबन्धाश्च'। उनमें 'काव्यादर्श' और 'दशकुमारचरित' तो उपलब्ध हैं पर, तीसरी अनुपलब्ध कृति यही 'मृच्छकटिकम्' है। यदि दण्डी की यह कृति होती तो फिर शूद्रक के नाम से क्यों प्रसिद्ध होती। इसी तरह श्री नेरुरकर मृच्छकटिक का कर्त्ता भास को मानते हैं। किन्तु, यह कल्पना भी आधारहीन ही प्रतीत होती है। क्योंकि प्रस्तावना में शूद्रक को राजा कहा गया है, जब कि दण्डी या भास इनमें कोई भी राजा नहीं है।

डॉ० सिलवाँ लेवी मृच्छकटिक को शूद्रक की कृति नहीं मानते हैं। किसी अन्य कवि ने इस रचना को शूद्रक के नाम पर इसलिए चला दिया कि इसे पुरानी कृति मानकर इसका सम्मान हो जाय। किन्तु डॉ० लेवी की कल्पना तथ्यपूर्ण नहीं प्रतीत होती है। क्योंकि केवल कृति के सम्मान-हेतु कोई रचनाकार अपनी रचना को किसी अन्य के नाम से प्रचारित नहीं कर सकता।

डॉ० कीथ भी 'मृच्छकटिक' को शूद्रक की रचना नहीं मानते। उनका कहना है कि शूद्रक सर्वप्रथम तो कोई ऐतिहासिक-व्यक्ति ही नहीं है, किसी कवि ने भास के चारुदत्त में आर्यक के विद्रोह की कथा का मिश्रण कर मृच्छकटिक की रचना की है। डॉ० कीथ के प्रथम कथ्य में बल नहीं है, क्योंकि संस्कृत साहित्य में जिस शूद्रक की इतनी प्रशंसा की गई है, उसे सीधे काल्पनिक मान लेना युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता। जहाँ तक दूसरी बात है, वह विवादास्पद है।

नवीन मत के अनुसार राजा शूद्रक ऐतिहासिक पुरुष हैं। कालक्रम से लोककथाओं के घटाटोप से उसे इस तरह आवृत्त कर दिया है कि उसका ऐतिहासिक स्वरूप ही कहीं खो गया। जहाँ तक मृच्छकटिक के रचयितृत्व का प्रश्न है, अभिनव आलोचक इसे शूद्रक की कृति नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि भास के दरिद्रचारुदत्त की अपूर्णता को देखकर किसी कवि ने कुछ आवश्यक संशोधन, परिवर्त्तन एवं परिवर्द्धन का कुछ नई कल्पनाओं का समावेश कर उसकी कथा के साथ निजन्धरी कल्पनाप्रसूत अथवा गुणाढ्य की 'बृहत्कथा' से ली हुई गोपालदारक आर्यक के विद्रोह की कथा बढ़ाकर 'मृच्छकटिक' का ढाँचा खड़ा कर दिया है। किसी विशेष कारण से इस कृति

के साथ अपना नाम नहीं देकर इस रचना को शूद्रक के नाम से चला दिया। प्रस्तावना के अन्तर्गत शूद्रक के परिचय वाले पद्यों में शूद्रक का वर्णन 'परोक्षभूते लिट्' के द्वारा किया गया है। अब यह प्रश्न उठता है कि आखिर कवि ने अपना नाम कृति में क्यों नहीं दिया। डॉ० भोलाशंकर व्यास ने 'संस्कृत कवि दर्शन' में इसके दो कारण दिये हैं—एक तो मूल नाटक, जिसको आधार मानकर 'मृच्छकटिक' की रचना की गई है वह भास की रचना थी, अतः उस समग्र रचना को स्वरचित कहने में कवि को निश्चय ही हिचकिचाहट हुई होगी। दूसरे, नाटक में जिन राष्ट्रीय, सामाजिक या राजनैतिक दशाओं का चित्रण किया गया है, वे तत्कालीन राजवर्ग एवं समाज की खिल्ली उड़ाती नजर आती हैं। मृच्छकटिक में क्या ब्राह्मण, क्या क्षत्रिय, सभी को समाज में गिरा हुआ दिखाया गया है। ब्राह्मण वेश्यागामी, चोर, जुआरी और चापलूस बतलाये गये हैं, क्षत्रिय क्रूर, अपकर्मी और दुराचारी। राजा नीच जाति की रखैलों को रखता था, नीच जाति के लोग उच्च पदों पर आसीन होते थे। न्याय नाम की कोई वस्तु नहीं थी। राजाज्ञा सर्वोपरि थी। सम्पूर्ण मृच्छकटिक के परिशीलन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कवि ने अपने युग के मध्यवर्ग एवं राजन्यवर्ग पर व्यंग कसते हुए ही इस कृति का पल्लवन किया है। ये व्यंग्यात्मक रेखाएँ एक-दूसरे को काटती, उलझती, हल्की गुत्थियाँ और घुरचियाँ बनाती हुई फैली हैं और नाटककार के अभ्यस्त हाथ उन्हें समेटते हुए, अभीष्ट रूपरेखा देते हुए प्रतिपाद्य निष्कर्ष तक पहुँचा देता है। ऐसा क्रान्तिकारी कवि उस काल में राजदण्ड से बचने के लिए अपना नाम छिपा नहीं देता तो और करता ही क्या? फिर भी अनुसंधित्सुओं के अनुसन्धान की और अपेक्षा है। जब तक इस पक्ष के कोई ठोस प्रमाण हमें नहीं मिल जाते, तब तक इस कृति को हम शूद्रक-कृत ही मानेंगे।

रचयिता का व्यक्तित्व

मृच्छकटिक के रचनाकार की कल्पना और अभिव्यञ्जना अपनी समग्रता में अपने युगीन जीवन के विस्तृत परिवेश और आवेष्टन से हमें परिचित कराती हैं और उसकी गूढ, धूमिल और अदृश्य अर्थभरी छवियों से हमारा गम्भीर एवं सूक्ष्म सम्बन्ध स्थापित करती हैं। कवि के नाटक की भाषा और उसकी गम्भीर अनुभूति बाहर से जितनी स्पष्ट लगती है, आन्तरिक रूप में वह जीवन के गतिशील जल की सूक्ष्म, सूक्ष्मतर गहराइयों और अर्थच्छवियों के मर्म का स्पर्श कराने वाली हैं। जीवन ऐसा है, यह बतलाने वाला कवि महान् है, पर जीवन ऐसा भी हो सकता है, इन सम्भावनाओं की ओर संकेत कराने वाला कवि उससे भी महान् होता है। इस दृष्टि से निश्चय ही मृच्छकटिक में रचयिता का व्यक्तित्व अतिविशाल है। इस नाटक में प्राप्त कई प्रयोगों से हमें यह भी प्रतीत होता है कि इस प्रकरण का रचयिता प्रायः दाक्षिणात्य था।

वसन्तसेना के हाथी का नाम 'खुण्डमोटक' दाक्षिणात्य नाम है। पैसे के लिए इसमें 'नाणक' शब्द का प्रयोग किया गया है। इन प्रमाणों से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि इस प्रकरण का रचयिता कोई दाक्षिणात्य था, जिसका साहित्यिक व्यक्तित्व उच्चकोटि का था।

मृच्छकटिक का रचनाकाल

मृच्छकटिक के अन्तःसाक्ष्य के आधार पर हम इसके रचनाकाल का अनुमान कर सकते हैं। ऐतिहासिक तथ्य के आधार पर हम कह सकते हैं कि गुप्तों के बाद हर्षवर्द्धन तक भारत में कोई भी सार्वभौम राजा उत्पन्न नहीं हुआ। उत्तर भारत में कई छोटे-मोटे राजे थे। उज्जयिनी से गुप्तों के पैर उखड़ चुके थे। मालव की राजनैतिक स्थिति अत्यन्त चिन्त्य थी। हूणों के चतुर्दिक हमले से क्षत-विक्षत, लहू-लुहान, अस्त-व्यस्त और विक्षिप्त हिन्दू जाति पड़ी थी, जिनके सारे के सारे आदर्श कच्चे घड़ों की तरह टूट-फूट गये थे, जिनके सभी आध्यात्मिक भाव पानी के बुलबुले की तरह खण्डित हो चुके थे। सामाजिक और राजनैतिक जीवन की सभी मर्यादाएँ छिन्न-भिन्न होती जा रही थी। छोटे-मोटे क्षत्रिय राजाओं का अधःपतन हो चुका था। वीरता इनसे बहुत पीछे छूट गई थी, विलास में ये आकण्ठ मग्न थे। ये राजे राजमहिषियों के अतिरिक्त कई रखेलें भी रखते थे। इनकी भुजिष्याएँ निम्न जाति की भी होती थी। प्रस्तुत प्रकरण के राजा पालक की भी कई भुजिष्याएँ थी, जिनमें एक शकार की बहन भी थी। इसीलिए शकार को काणेलीमाता अर्थात् व्यभिचारिणी का पुत्र कहा गया है। राजाओं की विलासिता के कारण ही राज्य की सारी शासन-व्यवस्था उच्छृङ्खल हो गई थी। राजा के सगे-संबंधी न्यायाधीशों को धमकी देकर मनमाना न्याय करवा लेते थे। राजा प्रजा से और प्रजा राजा से असन्तुष्ट थे। शाम होते ही राजमार्ग पर जुआरी, लम्पट, विट, वेश्याएँ और लफंगे घूमने लगते थे। राजमार्ग पर ही खुले आम इन लोगों से मारपीट भी हो जाती थी। नगर-रक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी। भले घर की बहू-बेटियाँ शाम के बाद घर से बाहर निकलने का साहस नहीं कर सकती थीं। राजा स्वयं अपने शत्रुओं से सर्वदा आतंकित रहता था। अवसर हाथ आते ही राजा दुश्मन को निगड़बद्ध करने से नहीं चूकता था। राजविद्रोह की सर्वदा आशंका बनी रहती थी। चोर, जुआरी, लुच्चे, लफंगे राजा के विरुद्ध षड्यंत्र किया करते थे। सिंहासनासीन राजा को समाप्त कर घण्टों में नये राजा को सिंहासनारूढ किया जा सकता था। कायस्थ और श्रेष्ठी ईमान गँवाकर काम कर रहे थे।

इतने के बावजूद राष्ट्र की आर्थिक स्थिति सम्पन्न थीं। चारुदत्त स्वयं एक सार्थवाह था। अत्यधिक दान के कारण ही दरिद्र हो गया था। वसन्तसेना के

समृद्धि-वर्णन से यह स्पष्ट पता चलता है कि समाज में गणिकाओं का सम्मान था। उस समय वेश्याओं के भी दो वर्ग थे। गणिकाएँ नृत्यगीतादि से अपनी आजीविका अर्जित करती थी। ये अपना पेशा छोड़कर कुलवधुएँ भी बन सकती थीं। ब्राह्मण तक इन्हें अपनी विवाहिता के रूप में स्वीकार करते थे। चारुदत्त एवं शर्विलक दोनों ही ब्राह्मण हैं। दोनों ने क्रमशः वसन्तसेना और मदनिका को अपनी वधू के रूप में स्वीकारा है। वेश्याएँ रूपाजीवा थीं। उनका वर्ग अलग था।

देश में दासप्रथा प्रचलित थी। मदनिका वसन्तसेना की दासी थी। शर्विलक ने चोरी कर उसे दासीत्व से मुक्त करवाया। चारुदत्त और शकार के दास भी चेट थे। मालिक का रुपया चुकाकर दास स्वतंत्र नागरिक बन सकते थे। मध्य तथा निम्न वर्ग में जुआ खेलने का आम प्रचलन था। इन्हें राज्य की ओर से संवैधानिक मान्यता प्राप्त थीं। जुए में बेईमानी करने वालों तथा भागने वालों के विरुद्ध न्यायालय में दावा किया जा सकता था। आजीविका नहीं मिलने पर लोग द्यूतोपजीवी बन जाते थे। जुआ के अड्डे का मुखिया सभिक कहलाता था।

बौद्धधर्म इस समय लड़खड़ा रहा था, फिर भी बौद्ध भिक्षुओं का चारित्रिक पतन नहीं हुआ था। समाज में इनका सम्मान घट गया था। लोग इन्हें सशंक होकर देखते थे। वैदिक एवं ब्राह्मण धर्म ही राजधर्म था। शैवो एवं शाक्तों का भी यह उत्थानकाल था। मृच्छकटिक का रचयिता भी शैव था। मृच्छकटिक का रचयिता संस्कृत एवं प्राकृत भाषा पर समान अधिकार रखता था। इस प्रकरण में शौरसेनी और मागधी, प्राकृत के अतिरिक्त चाण्डाली, शकारी, ढक्की जैसी विभाषाओं और देशभाषाओं पर नाटककार का पूर्ण अधिकार था। ढक्की अपभ्रंश का ही एक रूप है। मृच्छकटिक के माथुर की उक्तियाँ उकार-बहुला हैं। इन सारे तथ्यों के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि मृच्छकटिक की रचना कालिदास तथा हर्षवर्द्धन के बीच के सभय की विभाषाओं की ओर संकेत करती हैं। इतना ही नहीं, ऊपर वर्णित सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए मृच्छकटिक को ईसा की पाँचवीं शती के उत्तरार्द्ध या छठी शती के पूर्वार्द्ध की रचना कह सकते हैं।

मृच्छकटिक की प्राकृत

प्राकृत के प्रयोग की दृष्टि से संस्कृत में अन्य नाटकों की अपेक्षा मृच्छकटिक का अपना अलग ही महत्त्व है। नाटय-साहित्य में निर्दिष्ट प्राकृत भाषाओं में जितनी प्राकृत भाषाएँ इनके पात्रों के भाषणों में उपलब्ध होती है, उतनी संस्कृत के अन्य किसी नाटक में नहीं। मृच्छकटिक की विवृत्ति लेखक पृथ्वीधर

के अनुसार इस नाटक में सूत्रधार, नटी, रदनिका, मदनिका, वसन्तसेना, उसकी माता, चेटीं, कर्णपूरक, धूता, शोधनक और श्रेष्ठी—ये ग्यारह पात्र शौरसेनी बोलते हैं। वीरक और चन्दनक अवन्तिका बोलते हैं। विदूषक की भाषा प्राच्या है। संवाहक, वसन्तसेना तथा चारुदत्त के तीनों चेट, भिक्षु और रोहसेन, ये छः पात्र मागधी बोलते हैं। शकार शकारी प्राकृत का प्रयोग करता है। दोनों चाण्डाल चाण्डाली का प्रयोग करते हैं। माथुर द्यूतकर ढक्की बोलता है। इन भाषाओं का लक्षण संक्षेप में पृथ्वीधर ने अपनी विवृति के प्रारम्भ में दिया है। मार्कण्डेय कवीन्द्र के प्राकृत-सर्वस्व में इनकी विस्तृत विवृति दी है। पृथ्वीधर ने, जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है—शौरसेनी, मागधी, प्राच्या तथा अवन्तिका को प्राकृत माना है एवं शकारी, चाण्डाली तथा ढक्की को विभाषा कहा है। मृच्छकटिक की शौरसेनी तथा मागधी वररुचि आदि प्राकृतिक वैयाकरणों से प्रभावित परिनिष्ठत प्राकृत है। आवन्ती और प्राच्या दोनों ही शौरसेनी के अवान्तर भेद हैं। पृथ्वीधर के मतानुसार आवन्ती लोकोक्ति बहुला है तथा 'र' के स्थान पर 'ल' उच्चारण होता है।

प्राच्या में स्वार्थिक ककारों की बहुलता है। डॉ० भोलाशंकर व्यास का कहना है कि मृच्छकटिक के वीरक एवं चन्दनक या विदूषक की भाषा में पृथ्वीधर के ऊपर लिखित लक्षण घटित नहीं होते हैं। ध्यान से देखने पर आवन्ती में मध्यग 'त' का लोप देखा जाता है। प्राच्या में वह 'द' के रूप में सर्वत्र उपलब्ध है। शकारी की प्रमुख विशेषता ऊटपटांग उक्तियाँ मानी गई हैं। मागधी की तरह शकारी तथा चाण्डाली में 'श, ष, स' के स्थान पर केवल 'श' पाया जाता है। 'र' का सर्वत्र 'ल' उच्चारण होता है। मागधी के प्रथमा एकवचन रूपों की तरह यहाँ भी 'एकारान्त' रूप ही पाये जाते हैं—'मणुश्शे' 'एशे' चारुदत्ते इत्यादि। माथुर की ढक्की अपभ्रंश का संकेत तो अवश्य करती है, पर उस काल की यह निश्चय ही कोई असंस्कृत जनभाषा (लिंग्वाफ्रेंका) की तरह प्रतीत होती है।

मृच्छकटिक का रूपकत्व

भारतीय राजाओं ने दृश्य काव्यों को दो खण्डों में विभक्त किया है—रूपक और उपरूपक। नाट्यशास्त्र में रूपक के दस भेद माने गये हैं तथा उपरूपक के अठ्ठारह। तदनुसार—नाटक, प्रकरण, भाण, प्रहसन, डिम, व्यायोग, समवकार, वीथी, अंक और ईहामृग—ये दश रूपक हैं तथा नाटिका, त्रोटक, गोष्ठी, सट्टक, नाट्यरासक, प्रस्थान, उल्लाप्य, काव्य, प्रेङ्खण, रासक, संलापक, श्रीगदित, शिल्पक, विलासिका, दुर्मल्लिका, प्रकरणी, हल्लीश और भाणिका उपरूपक हैं।

मृच्छकटिक नाटक नहीं एक प्रकरण है। प्रकरण का नायक धीर-प्रशान्त लक्षणयुक्त कोई विप्र, अमात्य या वणिक् होता है। मृच्छकटिक का नायक ब्राह्मण चारुदत्त भी धीर-प्रशान्त हैं। प्रकरण की नायिका कुलजा और वेश्या में से कोई एक अथवा दोनों ही होती है। इस प्रकार नायिका के आधार पर प्रकरण के तीन भेद हैं। जिस प्रकरण में दोनों तरह की नायिकाएँ होती हैं, उसमें धूर्त, द्यूतकर, सभिक, विट, चेट आदि पात्र मंच पर उपस्थित होते हैं। मृच्छकटिक की नायिका वसन्तसेना वेश्या एवं धूता कुलजा है। इस दृष्टि से भी मृच्छकटिक एक प्रकरण है। प्रकरण की कथावस्तु भी नाटक की तरह प्रख्यात न होकर कवि-कल्पित होती है। मृच्छकटिक की भी कथा चारुदत्त एवं वसन्तसेना का संगम—शूद्रक के उर्वरक मस्तिष्क की देन है। इस विश्लेषण से हम इस निष्कर्ष पर आते हैं कि मृच्छकटिक निश्चय ही एक प्रकरण है। क्योंकि इसमें प्रकरण के प्रायः सभी लक्षण मिलते हैं, किन्तु नाटक के सभी लक्षण घटित नहीं होते। अतः निश्चित रूप से मृच्छकटिक एक प्रकरण है। धनञ्जय और महापात्र विश्वनाथ ने भी इसे प्रकरण ही माना है। यथा—

'भवेत् प्रकरणे वृत्तं लौकिकं कविकल्पितम् ॥
शृङ्गारोऽङ्गी नायकस्तु विप्रोऽमात्योऽथवा वणिक।
सापायधर्मकामार्थपरो धीरप्रशान्तकः ॥
नायिका कुलजा, क्वापि वेश्या क्वापि क्वचिद् द्वयम्।
तेन भेदास्त्रयस्तस्य तत्र भेदतृतीयकः।
कितवद्यूतकारादिविटचेटकसङ्कुलः ॥

—साहित्यदर्पण, ६। २२४-२२६,

'मृच्छकटिक' का नाटकीय संविधान और काव्य

नाटकीय संविधान की दृष्टि से मृच्छकटिक का वातावरण अतिमनोरंजक है। कुछ आलोचकों की दृष्टि में प्रस्तुत प्रकरण में कार्यान्विति (Unity of action) का अभाव है; पर कुछ की दृष्टि में इसका अस्तित्व सुनियोजित है। क्योंकि पालक की राजनीतिक कथा को चारुदत्त की प्रेमकथा में उसका एक अविच्छेद्य अंग बना दिया गया है। फलतः सामाजिकों को मृच्छकटिक में एक ऐसा वातावरण दिखलाई पड़ता है, जो संस्कृत के किसी अन्य रूपक में उपलब्ध नहीं है।

काव्य की दृष्टि से आलोचकों को मृच्छकटिक में काव्यप्रतिभा की कमी अनुभूत हो यह संभव है, किन्तु काव्यप्रतिभा की अभिव्यञ्जना की इस रचना में विल्कुल भी कमी नहीं है। कालिदास एवं भवभूति के नाटकों की तरह इसमें वर्णनों के विस्तृत चित्र तो हमें देखने को नहीं मिलते, किन्तु काव्या-

त्मक उक्तिवैचित्र्य का अभाव कहीं नहीं खटकता है। भवभूति के मालती-माधव और कुछ सीमा तक उत्तररामचरित में भी काव्यात्मक वर्णन की दृष्टि से जो अंश अति उत्तम कोटि में रखे जा सकते हैं, उन्हीं अंशों के कारण उनका रूपकत्व समादृत है। हाँ, काव्यत्व और रूपकत्व का समन्वित एवं सन्तुलित स्वरूप केवल कालिदास के नाटकों में हम अवश्य देख सकते हैं। नाटकीय संविधान को घटना-चक्र की दृष्टि से गति देने के लिए कवि ने निश्चय ही अपनी काव्य-प्रतिभा का समुचित उपयोग मृच्छकटिक में किया है। कुछ आलोचकों ने यह आक्षेप किया है कि कवि को प्रकृति-वर्णन करने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हुए हैं, किन्तु कवि ने या तो उसकी अनुचित उपेक्षा की अथवा असावधानी के कारण हाथ में आये अवसर खो दिए। यह सच है कि अष्टम अंक के जीर्णोद्यान-वर्णन में कवि को प्रकृति-वर्णन का पर्याप्त अवसर प्राप्त था, किन्तु यहाँ भी कवि यदि पञ्चम अंक में वर्णित वर्षा-वर्णन की तरह प्रकृति-वर्णन में उलझता तो निश्चय ही नाटकीय दृष्टि से मृच्छकटिक में जो स्वाभाविकता है, उसे यह खो देता। मृच्छकटिक का पंचम अंक श्रव्यकाव्य की दृष्टि से जितना अधिक मनोरम् है, दृश्यकाव्य की दृष्टि से उतना स्वाभाविक नहीं लगता। अभिसारिका वसन्तसेना के मुख से अनेक श्लोकों को कहलवाना भी काव्य की दृष्टि से चाहे जितना रुचिकर हो, किन्तु नाटकीय संविधान की दृष्टि से उचित नहीं प्रतीत होता है। ठीक इसी तरह चतुर्थ अंक में वसन्तसेना के महल के सातों आँगनों का विस्तृत वर्णन निश्चय ही ऊबा देने वाला है।

रंग मंच की दृष्टि से भी यह नाटक सदोष प्रतीत होता है। यह दस अंक का एक विशाल नाटक है। मंच पर एक बैठक में इसे अभिनीत करना बिल्कुल ही असंभव है। मंचीय विनोद की दृष्टि से डॉ० भोलाशंकरजी भी इसमें कुछ दोष मानते हैं। उनका कहना है—'मृच्छकटिक के प्रत्येक अंक में केवल एक ही दृश्य न होकर अनेक दृश्य पाये जाते हैं। कालिदास के नाटकों में यह बात नहीं है। उसके प्रत्येक अंक में केवल एक ही दृश्य है। मृच्छकटिक का पहला अंक ही चार दृश्यों में विभक्त है। उसी अंक में एक साथ चारुदत्त के घर अदृश्य और साथ ही गली में वसन्तसेना का पीछा करते हुए शकार का दृश्य दिखलाने में मंच को निःसन्देह असुविधा होगी। ऐसे दृश्य हमें अन्य अंकों में भी मिलते हैं।

मृच्छकटिक एक भारतीय सुखान्त नाटक है, फिर भी पाश्चात्य दुःखान्त वातावरण के सृजन में यह प्रकरण लाजबाब है। इसलिए कुछ आलोचकों ने इस पर यूनानी रंगमंच का प्रभाव माना है। मृच्छकटिक की शैली नितान्त सरल एवं आकर्षक है। बड़े-बड़े छन्दों का प्रयोग नहीं के बराबर हुआ है। नये-नये भाव, नई उद्भावनाएँ, अछूती कल्पनाओं का सामञ्जस्य, इस प्रकरण की प्रमुख नाटकीय विशेषता है। प्रकरण की भाषा में सुकुमारता, सन्दीप्ति,

चित्रात्मकता और लाक्षणिकता का चरम विकास है। पद्य और गद्य दोनों में ही इनकी भाषा शुद्ध, प्राञ्जल एवं प्रौढ़ रही है; शैली में प्रवाह और आकर्षण का विधान कवि की सफलता का द्योतक है।

मृच्छकटिक का रस

मृच्छकटिक का मुख्य रस शृंगार है। अनेक रसों के विभिन्न सामग्रियों से परिपुष्ट शृंगार का सुन्दर रूप कवि ने दिखलाया है। सहृदय कवि ने अपनी अनुभूतिमय एवं संवेदनशील कल्पना के प्रसाद द्वारा मृच्छकटिक में इतने रससिक्त प्रसंगों की अवतारणा की है कि सारा प्रकरण वेदनाजनित आँसुओं का एक सागर-सा बन गया है। पात्रों के चरित्रांकन में, वातावरण की सजीवंता में, उद्देश्य की प्राणवत्ता में, प्रकृति के उत्कृष्ट कलात्मक वर्णन में शृंगार की सुसम्बद्ध अभिव्यक्ति जो इस प्रकरण में हुई है, संस्कृत के अन्य नाटकों में दुर्लभ है। शृंगार का ये सरस चित्र देखते ही वनता है—

'धन्यानि तेषां खलु जीवितानि ये कामिनीनां गृहमागतानाम्।
आर्द्राणि मेघोदकशीतलानि गात्राणि गात्रेषु परिष्वजन्ति ॥' ५।४९ ॥

'अपने घर पर वर्षा में भींग कर आई हुई भींगी प्रेयसियों को अपनी बाँहों में जकड़ कर जो प्रेमी आलिंगन करता है, निश्चय ही उसका जीवन धन्य है।'

वसन्तसेना के शृङ्गारोद्दीपक ललित गति का वर्णन विट की निम्न उक्ति में एक हृदयवेधक एवं मार्मिक अनुभूति का मानो साक्षात्कार करा देता है—

'किं यासि बालकदलीव विकम्पमाना रक्तांशुकं पवनलोलदशं वहन्ती।
रक्तोत्पलं प्रकरकुड्मलमुत्सृजंन्ती टङ्कैर्मनःशिलगुहेव विदार्यमाणा॥'१।२०॥

'अरी ओ वसन्तसेंने, डर कर इस तरह क्यों भाग रही हो? सरस कोमल केले के पत्ते की तरह थरथर काँपते ये तुम्हारे लाल-लाल आँचल हवा में लहरा रहे हैं। आह! तुम्हारे भागते हुए कमल कोमल पैर जो राजमार्ग के कुट्टिम पर उठ-गिर रहे हैं, वे लगते हैं मानो लाल-लाल कमल के फूलों को ही बिखेर रहे हैं। तुम्हारी देह की यह रक्ताभ छवि लगता है जैसे मनःशिल की गुहा हो, जिसे कोई छेनी से टाँक रहा हो और छेनी की चोट से उस मनःशिल के छोटे-छोटे कण उड़कर चारों ओर बिखर रहे हों।

पञ्चम अङ्क में कवि ने उद्दीपन रूप वर्षा का विशद एवं सुन्दर वर्णन किया है। इस वर्णन में चमत्कारोत्पादक अनेक सूक्तियों का समाहार दर्शनीय है। धर्मप्राण चारुदत्त को मेघाच्छन्न आकाश को देखते ही वामन भगवान् की लीला का स्मरण हो आता है—

'मेघो जलार्द्रमहिषोदरभृङ्गनीलो विद्युत्प्रभारचितपीतपटोत्तरीयः।
आभाति संहतबलाकगृहीतशङ्खः खं केशवोऽपर इवाक्रमितुं प्रवृत्तः ॥'५।२॥

पानी में भींगे भैंसे के पेट और काले भौंरे की तरह ये मेघ भी काले हैं। बीच-बीच में चमकने वाली बिजलियाँ ही पीताम्बर-सी प्रतीत होती हैं। उड़ते हुए बगुलों की पंक्ति शंख की तरह श्वेत है। ऐसे मेघ को आकाश में उमड़ते देखकर लगता है कि ये दूसरे केशव आकाश-मण्डल को आक्रमित करने हेतु उद्यत हुए हैं।

हवा के कारण आकाश में उड़ते ये मेघखण्ड कई तरह के रूप बना रहे हैं। कभी मेघ के दो टुकड़े अब आपस में मिल जाते हैं तो लगता है जैसे नियुक्त चकवा-चकई एक साथ मिल गये हों, कभी उड़ते हंसों की तरह प्रतीत होते हैं तो कभी क्रुद्ध समुद्र या विस्फूर्जित नदी पुलिन पर पड़े मगर और मछलियों से लगते हैं। कभी-कभी तो ये हवाएँ उन्हें ऐसे बना देती हैं जिन्हें देख कर लगता है कि बड़ी-बड़ी श्वेत कंगूरे वाली अट्टालिकाएँ आकाश में खड़ी हों। आकाश में इन बादलों के साथ मानो हवा खेल रही है, अथवा आकाशरूपी चित्रपट पर ये हवाएँ मानों अनेक तरह की डिजाइन चित्रित कर रही हैं, जिससे आकाशरूपी चित्रफलक सुशोभित हो उठा है :—

'संसक्तैरिवचक्रवाकमिथुनैर्हंसैः प्रडीनैरिव
व्याबिद्धैरिवमीनचक्रमकरैर्हर्म्यैरिव प्रोच्छ्रितैः
तैस्तैराकृतिविस्तरैरनुगतैर्मेघैः समभ्युन्नतैः,
पत्रच्छेद्यमिवेह भाति गगनं विश्लेषितैर्वायुना ॥ ५।५ ॥

मृच्छकटिक के प्राकृतिक वर्णन की प्रमुख विशेषता उनमें निहित प्रकृति का मानवीकृत चित्रण है। प्राकृतिक सौन्दर्य का सजीव एव स्वच्छ चित्र इसमें देखते ही बनता है। कवि के प्रकृतिवर्णन में जो नाममात्र के हैं— भाषा का माधुर्य और भावों का कल्पनामय चित्र ण प्रचुरमात्रा में उपलब्ध है। सुकुमार कल्पना, लालित्यपूर्ण पदयोजना और सरस भावों का अपूर्व संयोग, इनके वर्णन के प्राण हैं प्रकृति की शोभा और सौन्दर्य की मनोहर छवियाँ मुखर हो उठी हैं। तभी भीषण काली रात वसन्तसेना को अपनी सौत-सी दिखाई पड़ती है जो ईर्ष्या उसकी हँसी उड़ाती हुई उसकी राह रोक रही है :—

"मूढे ! निरन्तरपयोधरया मयैव कान्तः सहाभिरमते यदि किं तवात्र।
मां गर्जितैरिति मुहुर्विनिवारयन्ती मार्गं रुणद्धि कुपितेव निशासपत्नी ॥

—मृ० ५।१५॥

पुष्ट पयोधर (मेघ) वाली रातरूपी मैं तुम्हारी सौतन जब रमण के साथ क्रीड़ारत हूँ ही तो फिर तुम्हारी आवश्यकता ही क्या है ? जब कान्त को रमण

सामग्री उपलब्ध है ही तो फिर तुम्हारा यह अभिसरण किस काम का ? इस प्रकार गरजती हुई यह काली रात सौत की तरह मानो मेरी राह रोक रही है ।

अकिञ्चन जीवन की दारुण समस्याओं की कसक, भावना और व्यथा की मीठी टीस, विपत्ति और कष्ट का आघात, करुण और विषाद का गीलापन भी कुछ पद्यों में पाठक के हृदय को करुणा विगलित कर देता है ।

इस तरह हम देखते हैं, इस प्रकरण का अंगी रस श्रृंगार है । वह प्रारम्भ में सम्भोग, बाद में विप्रलम्भ, पुनः सम्भोग; फिर विप्रलम्भ और पुनः संयोग श्रृंगार का रूप ग्रहण करता है । करुण, वीभत्स, भय, अद्‌भुत और हास्य-रस यथास्थान अंग बन कर आये हैं । शर्विलक और आर्यक की उक्ति में कहीं-कहीं वीररस की थोड़ी झलक भी मिल जाती है । बीच-बीच में चिन्ता, ग्लानि, निर्वेद आदि सञ्चारी भावों का भी आस्वाद मिल ही जाता है । कुल मिला कर लाक्षणिक वक्रता और अभिव्यक्ति की नई भंगिमा के साथ रस निष्पादन में यह प्रकरण अपने आप में अनोखा है ।

सामाजिक स्थिति

मृच्छकटिक में तत्कालीन मध्यवर्गीय हिन्दू समाज का सच्चा चित्र हमें मिलता है । यद्यपि इस प्रकरण का संसार अधिकतर लम्पटों का ही जगत् है; राजनैतिक षडयंत्रकारी, विवेकशून्य राजसेवक, अकर्मण्य पुलिस पदाधिकारी, निठल्ले और बेकार दादाओं, चोर, बदमाश, जुआरियों, गणिकाओं, नौक-रानियाँ, विट चेटों का विचित्र जगत है, फिर भी इनके माध्यम से प्रायः सम्पूर्ण समाज का यथार्थ चित्र इसमें स्पष्ट हो गया है ।

इस प्रकरण में चाहे राजन्यवर्ग हो अथवा ब्राह्मण वर्ग, सारा समाज ही गिरा हुआ दिखलाया गया है । सम्प्रभुता राजा में निहित थी । सचिवों की सहायता से राजा राज्य संचालन करता था । न्याधिकरण में मनु की मान्यता प्रचलित थी । न्यायाधीशों की सहायता के लिए कायस्थ एवं श्रेष्ठी सहायता के लिए रखे जाते थे । कुछ ब्राह्मण अपना जातिगत धन्धा छोड़ कर व्यापार किया करते थे । चारुदत्त स्वयं एक सार्थवाह है । इतना ही नहीं, ब्राह्मण चोर, जुआरी, वेश्यागामी तथा चापलूस भी हुआ करते थे । क्षत्रिय राजे क्रूर, अपकर्मी, विवेकहीन और दुराचारी होते थे । राजा पटरानी के अतिरिक्त नीच जाति के रखेल भी रखते थे । राष्ट्रीय श्यालक शकार नीच जाति की एक कुमारी कन्या का पुत्र (काणेलीमाता) था । इसकी वहन राजा की रखेल थी । नीच जाति के लोग उच्च पदों प्रर आसीन होते थे । न्याय नाम की कोई वस्तु नहीं थी । राजा की इच्छा ही सर्वोपरि थी ।

उस समय नगरों में एक जाति या पेशा के लोग एक ही मुहल्ले में रहा करते थे। चारुदत्त का परिचय देते हुए संवाहक ने द्वितीय अंक में कहा है— 'स खलु श्रेष्ठिचत्वरे प्रतिवसति' नगरों में बड़ी लम्बी चौड़ी सड़कें होती थी। रात में सड़कों पर अंधेरा छाया रहता था। पहरेदार पहरे पर नियुक्त रहते थे फिर भी सड़कों पर लोग खुले-आम मार-पीट किया करते थे। भले घर की बहू-बेटियों का शाम होते ही सड़कों पर निकलना मुश्किल हो जाता था। क्योंकि, अंधेरा होते ही सड़कों पर वेश्या, विट, चेट आदि घूमने लगते थे। सवारी के रूप में बैलगाड़ियों का प्रचलन था। प्रशासनिक सेवा में घोड़ों का उपयोग होता था। नवम अंक में अधिकरणिक ने वीरक को घोड़े से जीर्णोद्यान जाने को कहा था। धनियों के पास सवारी के लिए हाथी भी रहते थे। वसन्तसेना को भी 'खुण्डमोटक' नाम का एक हाथी था। बैलगाड़ियों में पर्दे लगाये जाते थे।

उस समय अन्तर्जातीय वैवाहिक प्रथा प्रचलित थी। गणिकाएँ अपनी पेशा छोड़कर कुल-वधू बन सकती थी। ब्राह्मण युवक भी इन्हें अपनी बधू बना लेते थे। चारुदत्त ने वसन्तसेना को तथा शर्विलक ने मदनिका को खुले आम अपनी बधू के रूप में स्वीकार किया था। तत्कालीन समाज में बहुविवाह प्रचलित था इसका संकेत भी इसी घटना से मिलता है। द्यूतक्रीड़ा को राजकीय संरक्षण प्राप्त था। निम्न वर्ग के लोग खुले आम चौराहे पर बैठकर जुआ खेलते थे। जुए में हारे या जीते गये रुपयों का हिसाब रक्खा जाता था। हिसाब-किताब रखने वाले को लेखक कहा जाता था। जुआरियों की अलग-अलग टोलियाँ होती थीं। टोली-मुखिया को सभिक कहा जाता था। बेइमानी करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा दी जाती थी। यदि कोई हारकर रुपया देने से इनकार कर देता था तो उसका दावा न्यायालय में किया जा सकता था। जुआरी संवाहक के भाग जाने पर एक जुआरी ने माथुर से कहा— ''राजकुलं गत्वा निवेदयावः।'' शराब पीने की प्रथा भी प्रचलित थी। अष्टम में शकार ने भिक्षु से कहा—''आपनकमध्यप्रविष्टस्येव रक्तमूलकस्य शीर्षं ते भङ्क्ष्यामि।''

समाज में भद्र लोगों के नाम के पूर्व कुछ न कुछ सम्मान सूचक शब्द जोड़कर ही नामोच्चारण किया जाता था। स्त्रियाँ आभूषणप्रिय होती थीं। नूपुर, हस्ताभरण एवं करधनी पहनने की प्रथा प्रचलित थी। महिलाएँ मुख में प्रायः किसी तरह का पाउडर भी लगाती थीं। दास प्रथा प्रचलित थी। मनुष्य खरीदे बेचे जाते थे। मालिक को रुपया चुकाकर गुलामों को स्वतन्त्र नागरिक बनाया जा सकता था। स्थावरक के सम्बन्ध में चारुदत्त की यह उक्ति ध्यातव्य है—'सुवृत्त अदासो भवतु।'

कलाएँ उन्नत अवस्था में थी। लोग संगीतप्रेमी थे। संगीतकला, चित्रकला, स्थापत्यकला, मूर्त्तिनिर्माणकला, प्रचलित थी। लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी थी। धनी और निर्धन दोनों कोटि के लोग समाज में थे। बच्चों के खिलौने भी कुछ लोगों के घर सोने के होते थे। वैदिक और बौद्ध दोनों धर्म प्रचलित था। किन्तु, वैदिक धर्म को राज्याश्रय प्राप्त था और बौद्धधर्म अपनी दुर्बल स्थिति में लड़खड़ा रहा था। मातृदेवियों और गृहदेवताओं को बलि अर्पित करने की प्रथा थी। सभ्य नागरिकों में देवी देवताओं में अटूट विश्वास था। लोग व्रत उपवास भी करते थे। ब्राह्मण भोजन और दान देने की प्रथा भी थी। चोर भी सेंध लगाने के पूर्व अपने अभीष्ट देवों का स्मरण करते थे। बलि देने के पूर्व चाण्डाल भी इष्ट देव का स्मरण करते थे। जनसामान्यमें धार्मिक आस्था थी। सांसारिकता से ऊबकर या जीवन में असफल होकर लोग बौद्धधर्म के अनुयायी बन जाते थे। संवाहक इसी कोटि का एक शाक्य श्रवण था। भिक्षु काषायवस्त्र पहनते थे। ये त्यागी, इन्द्रियनिग्रही एवं लोककल्याणकामी होते थे। फिर भी लोग उन्हें सशङ्क दृष्टि से देखते थे। उनके दर्शन अनाभ्युदयिक माने जाते थे। उस समय देश बौद्धों के बहुत सारे बिहार थे। बिहारों में भिक्षु और भिक्षुणियाँ भी रहती थीं। क्योंकि, वसन्तसेना को अपने साथ ले जाते समय भिक्षु उससे कहता है—"एतस्मिन् विहारे मम धर्मभगिनी तिष्ठति"। निश्चय ही वह उसकी सहोदर बहन नहीं, कोई भिक्षुणी ही है। इसी तरह चारुदत्त का यह कथन—"तत् पृथिव्यां सर्वविहारेषु कुलपतिरयं क्रियताम्" बौद्धविहारों की बहुलता का प्रमापक है।

देश की राजनीतिक स्थिति तो सब से गई बीती थी सार्वभौम राजा का बिल्कुल ही अभाव था। सम्पूर्ण देश छोटे छोटे टुकड़ों में विभक्त था। राजे शक्तिहीन थे। शासन-प्रबन्ध बड़ा शिथिल था। पुलिस पदाधिकारी छोटी-छोटी बातों पर भी आपस में उलझ जाते थे। पदाधिकारियों को अपने-अपने पद का बड़ा घमण्ड होता था।

वीरक और चन्दनक के दृश्य से यह स्थिति और भी स्पष्ट हो जाती है। शासनव्यवस्था शिथिल होने के कारण ही षडयन्त्रियों को षडयन्त्र करने का अच्छा अवसर मिल जाता था। षडयन्त्री देश के तथाकथित दादाओं को इकट्ठा कर षडयन्त्र करते थे। शासनव्यवस्था इतनी ढीली थी कि कुछ घण्टों में किसी के राज्य को पलट देना एक सामान्य सी बात थी। किसी भी व्यक्ति पर षडयन्त्र का सन्देह होने पर उन्हें बेड़ियों से जकड़ कर अनिश्चित काल के लिए कारा में डाल दिया जाता था। न्यायपालिका की स्थिति और बदतर थी। निर्णय लेने में न्यायाधीश स्वतन्त्र नहीं थे। खूनी की गर्दन काट दी जाती थी, उसे शूली पर चढ़ाया जाता या कुत्ते से नुचवाया जाता था। उस समय भी प्राणदण्ड देने का काम चाण्डाल ही किया करते थे। खूनी व्यक्ति

को शूली पर चढ़ाने के पूर्व रक्तचन्दन और करवीर की माला से सजाया जाता था। चाण्डाल वध्यपटह बजाते हुए अपराधी को वध्यस्थल ले जाते थे, साथ ही रास्ते में अपराधी का परिचय, उसके अपराध एवं दण्ड की घोषणा भी करते थे। सामाजिक स्थिति सम्पन्न होकर भी विपन्न थी।

वर्त्तमान परिवेश में मृच्छकटिक की प्रासङ्गिकता

मृच्छकटिक यद्यपि एक प्राचीन नाटक है फिर भी इसकी प्रासंगिकता आज भी सामाजिक स्तर पर एक नया सन्दर्भ उत्पन्न करती है। सूत्रधार सर्वप्रथम नाटककार का परिचय देते हुए कहता है—नाटककार शूद्रक एक विख्यात बलवान् क्षत्रिय था। उसकी चाल गजराज ऐरावत की तरह मस्ती से भरी थी। आँखें चकोर की तरह थी और चेहरा चन्द्रमा की तरह भव्य और दिव्य था। वह एक विख्यात कवि भी था, जिसका सामवेद, ऋग्वेद प्रभृति पर पूरा अधिकार था। उसने अपनी जिन्दगी में ही अपने बेटे को अपना राजसिंहासन सौंपकर अश्वमेध यज्ञ किया था। सौ साल और दस दिन की उम्र पाकर उसने अपने आपको यज्ञ की अग्नि में भस्म कर दिया।

इस नाटक में अवन्ती के एक युवा सौदागर की कथा है। यह सौदागर जाति का ब्राह्मण है और इसकी खूबियों पर, अपनी चौंधियाती देहयष्टि को अपनी ही झुकी-झुकी आँखों से सहलाती सिहरती वसन्तसेना नाम की गणिका तन-मन से समर्पित है। इस रचना में नाटककार ने प्रेम और सौन्दर्य, रीति और नीति, रहन-सहन, प्रकृति-पर्यावरण, कुलीनों और कमीनों की आदतों से जुड़े अनेक प्रश्नों को बड़ी संजीदगी से सजाया है। राजा पालक का राज्य विप्लव, वसन्तसेना का गला घोंटा जाना, वसन्तसेना की हत्या के आरोप में चारुदत्त को फँसाया जाना, अदालत में उनके विरुद्ध फैसला देना और अन्त उनकी प्राण रक्षा, शूद्रक के ये सारे प्रसंग वर्तमान परिवेश की एक व्यवस्थित व्याख्या जैसी प्रतीत होती है।

इसकी नाटकीयता जो पहली दृष्टि में ही पाठक या दर्शक को चमत्कृत करती है, वह है इसकी चुम्बकीय आकर्षण-शक्ति जो सबको सम्मोहित किये रहती है। ऐसा लगता है जैसे परदे पर एक के बाद एक चित्र स्वतः आता जा रहा है—बहुरंगी, बहुरूपी जीवन की एक-एक तह मानो दर्शक के सामने अपने-आप खुल रही है।

आभूषणों की पोटली वसन्तसेना छोड़ जाती है चारुदत्त के पास, चारुदत्त उसे देता है विदूषक को, विदूषक उसे देता है चोर को, चोर उसे देता है मदनिका को और मदनिका से पोटली फिर पहुँच जाती है वसन्तसेना के पास। कितना आकर्षक है यह वृत्त। ऐसा ही एक वस्तु है अनुश्रुति—एक ने दूसरे की बात सुनकर तीसरे को पहुँचाई, तीसरे ने चौथे को और चौथे ने पाँचवे

को और ये कथोपकथन एक पूरी कहानी के रूप में अपने आप सामने आ जाते हैं। इसकी सर्वाधिक विलक्षणता इसकी उन्मुक्तता है—न कहीं दुराव, न कहीं छिपाव, एक पूरा जीवन-व्यापार खुली पोथी की तरह सामने रक्खा है।

श्रृंगार की इसकी कोमल कल्पना अपने आप में अतुलनीय है। श्रृंगार और हास्य का अद्‌भुत संयोग इस नाटक की खूबी है। इस नाटक में हास्य का यह पुट न केवल विदूषक या संस्थानक के द्वारा पेश किया गया है प्रत्युत चारुदत्त और वसन्तसेना के वार्तालाप में भी इसका खुल कर प्रयोग हुआ है। आधुनिक नाटक का जो सेक्स है वही मृच्छकटिक का श्रृङ्गार है जिससे इस नाटक का प्रतिस्तंर भींगा है।

ठोस सत्य की मार्मिक अभिव्यक्ति इस नाटक की अपनी खूबी है जिसमें एक गणिका के द्वारा सच्चरित्र का निर्वाह किया गया है। इस सम्बन्ध में सामान्य परम्परा यह देखी जाती है कि गणिकाएँ या तो धन की ओर झुकती है, या फिर उनके दरवाजे पर जो आ जाए, उसका मनोरंजन करती है। शूद्रक वह कवि है जिसने इतने वर्ष पूर्व पहली बार इन दोनों परम्पराओं को तोड़ कर वसन्तसेना को चारुदत्त से मिलाया। यह काम उस वक्त कितना चुनौती-पूर्ण रहा होगा इसकी कल्पनाभर ही की जा सकती है। इसके प्यार में जो औदार्य है, वसन्तसेना उसकी मार्मिक अभिव्यक्ति है। प्यार में एक क्षण की अनुभूति ही अपनी होती है वह क्षण पूरा हो, परिपूर्ण हो, तो बस है, अपने मन में उसे चाहे कोई जितना विस्तार दे ले। भौतिक रूप से आजीवन किसी प्यार को बाँध लेने की कल्पना तो कल्पनाभर ही है। मृच्छकटिक प्यार की इस सीमा को बड़े नाजुक मोड़ पर उजागर करता है।

यह नाटक सचमुच अनूठा है। इस अर्थ में कि इसकी कथा देवताओं, ऋषियों और किसी राजा के इर्द-गिर्द नहीं घूमती। संस्कृत के श्रृंगारप्रधान अन्य नाटकों में कामबाण से विंधा हुआ नायक, नायिका को रिझाने या जीतने की कोशिश करता है। किन्तु, इस नाटक में इस परम्परा के विपरीत नायिका स्वयं नायक पर रीझकर, उसे पाने का प्रयत्न करती है। इस प्रयत्न में वह अपने प्राणों को भी संकट में डाल देती है। इतना ही नहीं यह नाटक आद्यन्त क्रान्तिकारी है। भरतमुनि के आदेशों की अवहेलना कर इस नाटक में रंगमंच पर निद्रा, मृत्यु आदि दृश्य दिखलाये गये हैं। इसका खलनायक खलता और कमीनेपन का जीता जागता प्रतीक है। इसके अन्य पात्र जनसामान्य से लिये गये हैं जैसे पेशे से सेंधमार और स्वभाव से वीर चतुर्वेदी ब्राह्मण शर्विलक, विरक्त होकर बौद्ध भिक्षु बन जाने वाले जुआरी, अत्याचारी राजा के विरुद्ध काम करने वाले राजकर्मचारी, राजनैतिक दबाव में आकर गलत फैसला देने वाला दब्बू न्यायाधीश, अपने दुष्ट मालिक के विरुद्ध साक्ष्य देने वाला बूढ़ा गाड़ीवान् और एक भले आदमी का वध करने से झिझकने वाला जल्लाद—

आधुनिक परिवेश के बहुरंगी फूल हैं। इस पुराने नाटक में भविष्यकालीन यथार्थ का एक दिलचस्प चित्र उजागर किया गया है।

वसन्तसेना उज्जयिनी की सर्वाधिक सुन्दर, सबसे सम्पन्न और एक स्पृहणीय गणिका है। सौन्दर्य और यौवन के शिखर पर रहते हुए भी वह चारुदत्त के गुणों पर मुग्ध होकर उसे अपना दिल दे बैठती है। ब्राह्मण युवा चारुदत्त रूपवान् है, कभी वह बहुत धनवान् सार्थवाह भी था, पर दीन-दुखियों को दान और कलावन्तों को इनाम देते-देते गरीब हो गया है। ठीक उसी तरह जैसे गर्मियों में पथिकों की प्यास बुझाते बुझाते कोई कुआँ सूख गया हो। उज्जयिनी के प्रजापीड़क राजा पालक का असंस्कारी साला संस्थानक बहुत समय से वसन्तसेना के पीछे पड़ा है। धन और धौंस के बल पर उसे हासिल करने की कोशिश करता है। पर जब वसन्तसेना उसकी होने से साफ इन्कार कर देती है तब वह उसका गला घोंट देता है किन्तु संयोग से वसन्तसेना जिन्दा बच जाती है और अपने प्रियतम को प्राप्त कर लेती है—बकायदा उसकी पत्नी का दर्जा प्राप्त कर लेती है। तरुणी वेश्या का ब्राह्मण की पत्नी बन जाना, सो भी समाज और राज्य की स्वीकृति से, आधुनिक सुधारवादी समाज को एक प्राचीन नाटक की अभिनव देन है। इस पवित्र प्रेम की विजय ही इस अभिनय की आत्मा है।

मृच्छकटिक में जिस गुप्तकालीन समाज का चित्रण है इसे देखने से प्रतीत होता है कि वह समाज वर्जनामुक्त था जो आधुनिक भारत के इतिहास का स्वर्णयुग था। उस समाज की वर्जनाहीनता निश्चय ही आज के समाज में सामयिक महत्व रखती है, वर्जनामुक्ति का स्पष्ट स्वरूप है, मदनिका और शर्विलक का संबंध। शर्विलक एक शातिर चोर है, जिसकी ऐसी प्रसिद्धि है कि उसकी काटी हुई सेंध देखकर लोग वाह-वाह कर उठते हैं। उसकी समाज में अपनी एक स्वतंत्र हैसियत है। वह चोर एक गणिका से प्यार करता है और उसे पेशे से निकाल कर अपनी पत्नी बनाने के लिए गहनों की चोरी कर उसका कीमत अदा करता है। उसे आजाद करा लेता है और अपनी पत्नी बनाता है। आज के समाज में स्थापित बर्जनाओं की यह चुनौती इस नाटक की एक धरोहर है।

इस देश में प्रवृति एवं निवृति मूलक दो चिन्तनधाराएँ सदा साथ-साथ बहती रही है। कभी एक प्रवल रही है कभी दूसरी। निवृतिमूलक चिन्तन दो ही पुरुषार्थ मानता है—धर्म और मोक्ष। प्रवृत्तिमूलक चिन्तन अर्थ और काम को भी पुरुषार्थ का दर्जा मानता है। चारों पुरुषार्थों में संतुलन और समन्वय साधने की बात यह देश सोचता रहा है। गुप्त युग का प्रतिनिधि कवि नाटककार कालिदास इसी दृष्टि का पुरस्कर्ता है। इसी समन्वयी दृष्टि का यह प्रसाद था कि गुप्तकालीन भारत कला, साहित्य. दर्शन, वाणिज्य, व्यापार सब

में एक साथ उन्नति साध सका। मृच्छकटिक की जीवन दृष्टि इसी सौन्दर्य मूलक प्रवृत्ति का प्रतीक है। इसी सौन्दर्यमूलक जीवन दृष्टि का उदात्त प्रसाद है नायिका के अंग-प्रत्यंग का वर्णन। उतनी ही स्वाभाविकता से उन्होंने किसी नारी के स्तन और नितम्ब का भी वर्णन किया है। क्योंकि उनकी नजर से यह जीवन की स्वस्थ अभिव्यक्ति है। मृच्छकटिक की यही अभिव्यक्ति जीवन को सजाता है, सँवारता है और अधिकतम मानवीय बनाता है। इस अभिनय की सामयिकता यदि कहीं है तो उस खोई हुई सौन्दर्यमूलक जीवनदृष्टि को उजागर करने में है। नाटककार का काल स्वर्णकाल था या नहीं यह कहना तो संभव नहीं है पर इतना तो निश्चित रूप से कहा ही जा सकता है कि वह जीवनदृष्टि यदि आज हमें मिल जाय तो यह समाज अवश्य ही सभ्यता के शिखर पर पहुँच जायगा।

अब हम इसे मृच्छकटिक के नायक चारुदत्त के आखिरी संवाद से ही समाप्त करें।

"तकदीर हमसे रहट की मटकियों की तरह खेलती है। एक को खाली कर दूसरे को भरती है। एक को ऊपर उठाकर दूसरे को नीचे गिराती है। जिन्दगी का यही चक्कर है कभी स्वर्ग तो कभी नर्क।" यह बात अभिनय प्रसंग के लिए जितना सत्य है जीवन के बारे में भी उतनी ही सही है। और नहीं तो कम से कम जिन्दगी के इस चक्कर का आनन्द लेने के लिए भी मृच्छकटिक अवश्य पठनीय है।

मृच्छकटिक की कथावस्तु

किसी प्रकरण का वृत्त लौकिक कवि कल्पित या लोकवृत्त पर आधारित होना चाहिए। मृच्छकटिक की कथा कल्पनाप्रसूत है तथा लोकप्रसिद्ध प्रेमवृत्त पर आधारित इस प्रकरण की रचना की गई है। नाटक की प्रमुख वस्तु उसका व्यापार (Action) होता है। यही किसी भी नाटक को गति प्रदान करता है। इसमें कथोपकथन के माध्यम से अभिनय को आगे बढ़ाना चाहिए। मृच्छकटिक की कथा अभिनय के द्वारा ही आगे बढ़ती है। साथ ही इस प्रकरण में नाटककार ने सामाजिक को निरन्तर आगे बढ़ने के लिए सर्वत्र कौतूहलपूर्ण अवसर और सुयोग दिये हैं। इसकी दूसरी विशेषता यह है कि राजन्य वर्ग को छोड़कर इसके नाटककार ने अपनी कथावस्तु का चयन मध्यमवर्ग सें किया है। उज्जयिनी से मध्यवर्गीय समाज की दैनिक परिचर्या को इस रूपक का आधार बनाकर कवि ने इसे अत्यधिक स्वाभाविकता दे दी है। अपनी विशिष्ट कथावस्तु के कारण ही कवि ने इस प्रकरण को संस्कृत नाट्य-साहित्य में एकमात्र यथार्थवादी प्रकरण कहलाने का श्रेय प्रदान किया है। जहाँ कालिदास और भवभूति के नाटक में हमें काव्य और उदात्त भावना के

दर्शन होते हैं, वहाँ मृच्छकटिक में जीवन की ऊष्मा और कठोर वास्तविकता के परिदर्शन होते हैं ।

डॉ० व्यास का कहना है कि यद्यपि इस रूपक की कथावस्तु का जगत् चोर, जुआरी, बदमाश, राजनैतिक षडयन्त्री, भिक्षु, राजसेवक, निठल्ले, बेकार लोग, पुलिस कर्मचारी, नौकरानियाँ, विट और गणिकाओं का विचित्र जगत् है, फिर भी इनमें अनेकों रमणीय स्थल हैं जो काव्य की दृष्टि से निम्नकोटि के नहीं कहे जा सकते हैं । इसका प्रणयचित्रण राजा दुष्यन्त तथा तपोवन-सुन्दरी शकुन्तला का विलासपूर्ण प्रेम नहीं है, न वह भवभूति के राम तथा सीता का आदर्श एवं गम्भीर प्रेम है, यह तो एक सामान्य नागरिक एवं गणिका के प्रेम का चित्र है जो पवित्रता, गंभीरता एवं कोमलता में किसी से कम नहीं है । प्रकरण की विचित्र सृष्टि इस प्रेम की आधारभित्ति के रूप में संसृष्ट है । नाटककार ने इस प्रणयकथा के साथ राजनैतिक षडयन्त्र की कथा को दूधपानी की तरह इस तरह मिला दिया है कि दोनों का भेद कहीं प्रतीत ही नहीं होता है । पालक और आर्यक की राजनैतिक कथावस्तु चारुदत्त और वसन्तसेना की प्रेमगाथा में अनुस्यूत सी प्रतीत होती है । इस प्रकरण की कथावस्तु में समाज के सभी वर्गों के चुने हुए पात्र मिलते हैं । अत्यधिक सभ्य ब्राह्मण, पतित और चोर ब्राह्मण, पतिव्रता पत्नी और गणिका, पवित्र भिक्षु और पापी शकार प्रायः सभी पात्र व्यक्ति हैं, इसमें अन्य संस्कृत नाटकों की तरह प्रतिनिधि पात्र का प्रायः अभाव ही है । पवित्र हृदय विट जिसे रोजी के लिए शकार जैसे नीच की नौकरी करनी पड़ती है। अपमान और कठोर यातना सहनी पड़ती है । ब्राह्मणपुत्र शर्विलक, जिसे अपने प्रणय के कारण नहीं चाहते हुए भी चोरी करनी पड़ती है । धनलोभ से बिल्कुल मुक्त सच्चा प्रेम करने वाली गणिका वसन्तसेना, सभी पात्र अपनी एक खाश विशेषता लेकर इस कथावस्तु के कलेवर को ऐसा सजा देते हैं जो अन्यत्र कहीं खोजने पर भी नहीं मिलते । मृच्छकटिक की कथावस्तु में प्रहसन और विषाद, व्यङ्गय और करुणा, काव्य और प्रतिभा दया और मानवता को एक साथ मिलाकर इसके शिल्प अति आकर्षक बना डाला है ।

चरित्र-चित्रण

मृच्छकटिक के कवि की महत्ता चारुदत्त, वसन्तसेना, शर्विलक या शकार जैसे पात्रों के चरित्रचित्रण में ही है । इन सभी मूर्त्तियों का निर्माण तत्कालीन सामाजिकता की मृतिका से ही हुआ है । प्रकरण रचयिता धर्मशास्त्र, स्मृति, पुराण, ज्योतिष, राजनीतिशास्त्र, हिन्दूदर्शन, संस्कृत, प्राकृत और विभाषाओं का प्रकण्ड पण्डित था । व्यावहारिक तथ्यों पर पूर्ण सामाजिक वर्णन, परिमार्जित भाषा और विलक्षण वर्णनशैली इस बात के प्रमाण हैं । इनकी प्रकरणरचना,

चरित्र-चित्रण और भावप्रदर्शन अप्रतिम हैं। मृच्छकटिक संस्कृत साहित्य का सर्वाधिक सुनियोजित एक प्रकरण है। इस कवि का चरित्र-चित्रण मानव समाज के स्वभाव से उनके गम्भीर, सूक्ष्म और मनोवैज्ञानिक ज्ञान का परिचायक है।

इस प्रकरण के रचयिता संस्कृत साहित्य के सर्वाधिक भावुक कवि थे। प्रत्येक पात्र की मनःस्थिति में अपने आपको डालकर तदनुकूल सोचने बोलने की अपूर्व क्षमता उन्हें प्राप्त थी वह चारुदत्त हो या शकार, वसन्तसेना हो या पतिव्रता धूता, रदनिका हो या मदनिका, विट हो या चेट—ऐसा मालूम पड़ता है कि कवि ने अपने व्यक्तित्व को उन विभिन्न पात्रों के व्यक्तित्व से इतना तदाकार कर दिया है कि भिन्न सत्ता की स्थिति का ज्ञान नहीं हो पाता। कथा में स्थल-स्थल पर छोटे-बड़े आवर्त्त हैं जहाँ दर्शक मानव मनोविज्ञान में, भावुक स्थलों में गहरे बैठकर अपूर्व रस बोध पाता है। यह अखण्ड और अपरिसीम तल्लीनता ही नाटककार को संस्कृत नाटच साहित्य विशेष गौरव प्रदान करती है।

चारुदत्त—

मृच्छकटिक के नायक चारुदत्त के चरित्र-चित्रण में कवि को अद्भुत सफलता मिली। चारुदत्त का अभिजात चरित्र एक विचित्र और अद्भुत् रूप लेकर हमारे सामने उपस्थित होता है। यह हमारे सामाजिक जीवन के आलोडन विलोडन पर समासीन कंक्रीट की बनी उस भव्य और दिव्य मानव-मूर्ति के समान अवस्थित है, जिसके दर्शन हिन्दू सामाजिक जीवनपरिधि के किसी भी बिन्दु से किये जा सकते हैं। यह चरित्र अपनी लौकिकता में जितना ही इस मिट्टी से संकुल, संयुक्त, कौटुम्बिक, पारिवारिक और सामाजिक है, अपनी महिमा और मानवता में उतना ही आकाश को चूमता हुआ, मानवीय और प्रभविष्णु। सम्पूर्ण संस्कृत नाटच साहित्य में इतना विलक्षण, व्यवहार-कुशल, त्यागी, गुणज्ञ एवं भव्य शील, सौन्दर्य और सौहार्द पूर्ण चरित्र नायक का निर्माण सम्भवतः आज तक नहीं हुआ है।

चारुदत्त अभिजात कुलोत्पन्न एक युवाब्राह्मण है। अपने ब्राह्मणत्व के प्रति सर्वथा सतर्क रहते हुए भी वह कर्मणा सार्थवाह है। मालतीमाधव की तरह चारुदत्त न तो मध्यवर्गीय नागरिक वर्ग का प्रतिनिधि पात्र है और न प्रणय-व्यापार के लिए स्वयं सक्रिय प्रणयी। यह तो वसन्तसेना की प्रणय लीला में स्वयं एक उदासीन (Dummy) नायक की तरह दीख पड़ता है। प्रकरण की नायिका वसन्तसेना चारुदत्त के गुण से आकृष्ट, उसके व्यक्तित्व से प्रभावित प्रणयलीला में पूर्ण समर्पित स्वयं सक्रिय है। इस प्रणयलीला का सम्पूर्ण सचेष्ट संवेदना अथवा संयोगार्थ मिलन का सारा श्रेय वसन्तसेना को ही है।

इस दृष्टि से चारुदत्त में न तो कहीं विरह की आकुलता दीखती है और न कहीं, वासना की उत्कट गन्ध ही। वह एक निरपेक्ष, दयालु, सहृदय दाता एवं कर्मनिष्ठ युवा नायक है। न तो वह अधिक विलासी है और न शृंगारी ही, न साहसी है न प्रेम प्रपंची, वह केवल है—सीधा, सादा, सरल पर एक सरस सहृदय नागरिक। वह गरीबों का कल्पवृक्ष है, दीनों, दलितों, असहायों की सेवा वह दिल खोलकर करता है। ऐसा करते रहने के कारण वह स्वयं परम दरिद्र बन जाता है फिर भी दीनों और असहायों की सेवा से विमुख नहीं होता। उसके चरित्र में कुछ ऐसी मार्मिक रेखाएँ हैं जो उसे उत्कृष्ट कलात्मकता एवं उदात्त नायकत्व प्रदान करती हैं।

चारुदत्त कुलीन, सुसभ्य एवं एक सच्चरित्र युवक है। उसमें कुछ ऐसे महार्घ गुण हैं, कुछ ऐसी विलक्षणता है जिसके कारण उसने उज्जयिनी के सम्पूर्ण जन-मन को जीत लिया है। अपनी दानशीलता के कारण ही एक समुद्रश्रेष्ठी से चारुदत्त दरिद्र बन गया है, और दरिद्र हो जाने पर भी उसे दुःख इस बात का है कि याचक उसके घर को समृद्धिहीन जानकर अब वहाँ नहीं आते हैं। वह अपने को उस हाथी की तरह मानता है जिसके मदजल ने अनेकों भौरों को सन्तुष्ट किया है किन्तु उसी के सूख जाने पर अब उसके पास कोई भौंरा आता ही नहीं—

'एतत्तु मां दहति यद् गृहमस्मदीयं क्षीणार्थमित्यतिथयः परिवर्जयन्ति।
संशुष्कसान्द्रमदलेखमिव भ्रमन्तः कालात्यये मधुकराः करिणः कपोलम्॥'
—मृ० १।१२

इस स्वाभिमानी युवक की वेदना निर्वेद बनकर तब फूट पड़ती है, जब चोर वसन्तसेना का निक्षिप्त आभूषण सेंध काटकर उसके घर से चुरा लेता है। उसे प्रसन्नता होती है कि चोर ही सही, पर कम से कम सेंध काटकर उसे विफल होकर तो घर से लौटना नहीं पड़ा। वसन्तसेना के उस अल्पमूल्य आभूषण के बदले अपनी साध्वी पत्नी धूता के अवशिष्ट एकमात्र आभूषण बहुमूल्य रत्नावली देने में भी हिचक नहीं होती। संस्कृत के अन्य नाटकों के नायकों की तरह चारुदत्त कोरा आदर्श नायक नहीं है, वह तो मध्यवर्ग के उस व्यक्तिगत (Individual) चित्र को उपस्थित करता है जो एक अभिजात सुसंस्कृत सामान्य युवा का है।

वसन्तसेना—

वसन्तसेना नारीचरित्र की तुङ्गता का एक प्रतीक है। सत्य और विशुद्ध प्रेम का एक प्रतिमूर्ति है। अपूर्व त्याग और गुणस्पृहा की आंच में निरन्तर जलकर, गणिकावृत्ति के कालुष्य को जलाकर, भास्वर सोने की तरह दमकता एक नारी रत्न है। भवभूति की सीता की तरह न इसमें आदर्श की

मर्यादा है और न मालती की तरह पिता की परतन्त्रता में आबद्ध किशोरी ही है। न उसमें शकुन्तला की बाल सुलभ मुग्ध मनोहारिता है और न मालविका की तरह अस्थान में फेंका गया हीरे का टुकड़ा। उर्वशी भी वसन्तसेना से कई अंशों में हीन है। यद्यपि उर्वशी की तरह ही जीवन की अनेक कटु मधुर अनुभूतियों को लेकर ही वसन्तसेना सामाजिकों के सन्मुख उपस्थित होती है, फिर भी अपने त्याग, प्रत्युत्पन्नमतित्व, शालीनता, गुणस्पृहा और एकनिष्ठ प्रेम में उर्वशी को वह बहुत पीछे छोड़ गई है। उज्जयिनी की वह एक समृद्ध गणिका की पुत्री है जिसे विट—वापी, लता या नौका की तरह सर्वभोग्या समझता है—'त्वं वापी व लतेव नौरि व जनं वेश्यासि सर्वं भज।' (१।३२) वह अति सम्पन्न प्रभावशाली राजश्यालक शकार जैसे अनुरक्त राजबल्लभ को अपनी माँ की प्रेरणा के बावजूद ठुकराकर निर्धन चारुदत्त के प्रति अपनी हार्दिक आसक्ति अभिव्यक्त कर शुद्ध एवं गम्भीर प्रेम का परिचय देती है। गणिकावृत्ति से ही उसकी माँ ने अपार समृद्धि अर्जित की है, किन्तु वसन्तसेना का कोमल एवं सात्विक हृदय इस विपुल वैभव के प्रति विद्रोह कर उठता है, गणिका के गर्हित जीवन के विरुद्ध उसका हृदय चीत्कार कर उठता है। राजश्यालक शकार ने उसे पाने के लिए उसके घर स्वर्णराशि भेज दी, माता साग्रह अनुरोध करते हुए उसे स्वीकार करने की जब प्रेरणा देने लगी, तब स्पष्ट शब्दों में उसने माँ को दो टूक जबाव दे दिया—'यदि मां जीवन्तीमिच्छसि, तदा एवं न पुनरहं आज्ञापयितव्या।' यदि माँ मुझे जिन्दा देखना चाहती हैं तो भूल से भी ऐसा प्रस्ताव मेरे सामने कभी न आने दें। वह अपने गणिका के गर्हित जीवन को छोड़कर इस अपार सम्पदा को ठुकराकर शुद्धाचारी गुणज्ञ, अभिजात कुलोत्पन्न, दरिद्र किन्तु सदाचारी, सुशील एवं सुन्दर युवा चारुदत्त को मन ही मन अपना हृदयबल्लभ के रूप में स्वीकार कर लेती है। किन्तु, उसका मन सदैव इस आशंका से अभिभूत रहता है। कि उसकी अकुलीनता उसके इस शुद्ध एवं पवित्र प्रणय का बाधक न बन जाय। स्वभाव से अति उदार, शालीन एवं अकृपण वसन्तसेना अपरिचित जुआरी संवाहक के शरणागत होते ही उसे अभयदान दे देती है। यह संवाहक का कर्ज चुकाने के लिए बिना हिचक अपना सोने का कड़ा भेज देती है, वह भी यह कहकर कि संवाहक ने ही इसे भेजा है। वसन्तसेना के शालीन एवं मनोमुग्धकारी व्यवहार के कारण ही वसन्तसेना के विरुद्ध विट का व्यवहार सर्वथा परिवर्तित हो जाता है। वसन्तसेना को परेशान करने की अपेक्षा अब वह उसका सहयोगी बन जाता है—

कामं प्रदोषतिमिरेण न दृश्यसे त्वं सौदामिनीव जलदोदरसन्धिलीना।
त्वां सूचयिष्यति तु माल्यसमुद्भवोऽयं गन्धश्च भीरु मुखराणि च नूपुराणि॥
मृच्छ० १।३५

अपने मधुर शुद्ध और पवित्र प्रणय से अन्त में चारुदत्त के हृदय को अपनी ओर आकृष्ट करने सफलता प्राप्त कर ही लेती है। उज्जयिनी के आभूषणभूत चारुदत्त के हृदय को जीत लेती है।

शकार—

शकार इस प्रकरण का प्रतिनायक है। वह किसी व्यभिचारिणी स्त्री का पुत्र है। विट उसे 'काणेलीमातः' कहकर संबोधित करता है। इसकी बहन राजा पालक की रखैल है। यह एक नीच कुलोत्पन्न व्यक्ति है। राजा के साले होने का उसे बड़ा घमंड है। अपने को वह देवपुरुष, मनुष्य, वासुदेव कहता है। मूर्खता, कायरता, हठधर्मिता, क्रूरता, विलासिता और दम्भ का विचित्र समवाय लेकर वह सामाजिक के सम्मुख उपस्थित होता है। उसे इस बात का बड़ा गौरव है कि उसकी बहन राजा की रखैल है, और वह चाहे तो अपनी माँ, बहन को कहकर न्यायाधीश को भी पदच्युत करवा सकता है। यद्यपि वह परम बेवकूफ है, महामूर्ख है, कायर और क्रूर है फिर भी लोगों के सामने अपनी विद्वता और वीरता हमेशा प्रदर्शित करना चाहता है। वह अशिक्षित और दम्भी है। बात करने की उसमें तमीज नहीं है। न उसे किसी शास्त्र का ज्ञान है और व्यवहार का ही। किन्तु, उल्टा सीधा जो मन में आता है वही बकता है। वह वसन्तसेना के बदले रदनिका को बालों से ठीक उसी प्रकार पकड़ लेता है, जैसे चाणक्य ने द्रौपदी को बालों से पकड़ कर घसीटा था—

केशवृन्दे परामृष्टा चाणक्येनेव द्रौपदी ॥ १।३९ ॥

वह वसन्तसेना को पकड़कर उसी तरह मार डालेगा जैसे हनुमान ने विश्वावसु की बहन सुभद्रा को मार डाला था। (द्र० मृ० १।३५) वह वसन्तसेना को चाहता है किन्तु वसन्तसेना उससे घृणा करती है। वह धन और बल से इसे वश में लाना चाहता है किन्तु, इसमें उसे सफलता नहीं मिलती है। अन्त में चिढ कर अवसर हाथ आते ही वसन्तसेना की हत्या कर देता है। हत्या का दोष निरीह चारुदत्त के माथे मढ़कर और प्रपंच कर उसे प्राणदण्ड दिलवाने में सफलता प्राप्त कर लेता है। भिक्षुओं का तो वह कट्टर शत्रु है। स्वाभिमान तो इसे छू तक नहीं गया है। जिस चारुदत्त को बेटे के साथ मरवाने में इसे थोड़ी भी हिचक नहीं थी उसी की शरण में गिड़गिड़ाते हुए प्राण की भीख माँगने में भी उसे संकोच नहीं होता। वह अभिनय, चाल-ढाल, बात-चीत सबसे सामाजिकों में हास्य के वातावरण की सृष्टि करता है। उसके सेवक विट और चेट भी उसे डरपोक एवं कायर समझते हैं।

शर्विलक—

अप्रतिग्रही किसी चतुर्वेदी ब्राह्मणकुल का शर्विलक एक उत्साही युवा है।

इसका चरित्र सबलता और दुर्बलता का सम्मिश्रण है। सज्जनता, दुर्जनता का संयोग है। एक वेश्या की गृहदासी मदनिका को अपनी प्रेयसी बनाने में इस ब्राह्मण-देवता को तनिक भी संकोच नहीं होता। उस गृह-दासी को ऋणमुक्त कराने के लिए धन की आवश्यकता है। किन्तु, वह तो स्वयं दरिद्र है, प्रवासी है। मित्र रेभिल के घर टिका है। किन्तु यह चोरी करने में निष्णात है। उसने योगाचार्य नामक किसी आचार्य से चौर्यकला सीखी है। अपनी प्रेयसी को ऋणमुक्त कराने के लिए यह सभी आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित होकर चोरी करने को प्रस्तुत हो जाता है।

चोरी करने को लोग बुरा मानते हैं किन्तु शर्विलक की दृष्टि में चोरी एक कला है, एक विशिष्ट गुण है। लोग इसे इसलिए बुरा मानते हैं कि लोगों के सो जाने पर उन्हें विश्वास में डालकर उनके साथ धोखाधड़ी की जाती है और इसीलिए उसे वीरता नहीं माना जा सकता। किन्तु, ठीक इसके विपरीत शर्विलक को चोरी में गुण दिखलाई पड़ते हैं। यह कार्य निन्दनीय हो सकता है पर, इसे अपनी आजीविका का साधन बनाने वाला व्यक्ति किसी की नौकरी तो नहीं करता। अपने नियोक्ता के सामने हाथ जोड़कर अपनी दीनता तो प्रदर्शित नहीं करनी पड़ती। फिर, ये चौर्यकर्म तो पुराणप्रसिद्ध भी है। आचार्य दोण के पुत्र अश्वत्थामा ने भी तो सेंध लगाकर ही पाण्डवों के प्रमुख पुत्रों की हत्या की थी। अगर यह कर्म बुरा होता तो अश्वत्थामा ही इसे क्यों करते ?—

कामं नीचमिदं वदन्तु पुरुषाः स्वप्ने च यद्वर्द्धते,
विश्वस्तेषु च वञ्चनापरिभवश्चौर्यं न शौर्यं हि तत्।
स्वाधीना वचनीयतापि हि वरं बद्धो न सेवाञ्जलिः,
मार्गश्चैष नरेन्द्रसौप्तिकवधे पूर्वं कृतो द्रौणिना ॥

—मृ० ३। ११

यही कारण है कि शर्विलक नौकरी में हाथ जोड़े हुए पराधीन व्यक्ति की अपेक्षा तस्करी को आजीविका का स्वतन्त्र साधन बनाना उचित समझता है। व्यवहार के नियमन पालन में पराधीन अधिकरणिक (जज) की पराधीनता से वह पूर्णपरिचित है। वह शूर साहसी और प्रत्युत्पन्नमति है। वह किसी अवला पर किसी भी स्थिति में आक्रमण करना उचित नहीं मानता वह चोरी में भी कार्याकार्य का विचार करता है। उसमें गुणग्राहकता भी पर्याप्त मात्रा में है। मदनिका के समझाने पर चोरी करके लाये गये आभूषण भी तत्क्षण लौटा देने को प्रस्तुत हो जाता है। कठिन और विपरीत परिस्थिति में भी उसकी बुद्धि कभी कुण्ठित नहीं होती। चारुदत्त के घर सेंध लगाते समय उसे पता चलता है कि वह सेंध नापने वाला मानसूत्र भूल आया है। तब वह

घबड़ाता नहीं, उसे अपने यज्ञोपवीत की स्मृति आती है और उसकी अनेक उपयोगिता भी उसके जैसे चोर ब्राह्मण की दृष्टि में स्पष्ट हो जाती है। दीवाल पर सेंध काटने की जगह नापी जा सकती है; ताली लगे किवाड़ खोले जा सकते हैं, आभूषणों की घुण्डी छुड़ाये जा सकते हैं। सेंध लगाते समय साँप काट लेने पर जनेऊ से बाँधकर विष को ऊपर चढ़ने से रोका भी जा सकता है।

'एतेन मापयति भित्तिपु कर्ममार्गमेतेन मोचयति भूषण सम्प्रयोगान्।
उद्घाटको भवति यन्त्रदृढे कपाटे दष्टस्य कीटभुजगैः परिवेष्टनञ्च॥'

—मृ० ३।१६

शर्विलक मित्रवत्सल है। अपनी प्रेमिका मदनिका को वसन्तसेना के घर से मुक्त कराकर ज्यों ही वह बाहर निकलता है, उसे पता चलता है कि उसके प्रिय मित्र आर्यक को राजा पालक ने कैद कर लिया है। यह तुरन्त गाड़ी से नीचे उतर जाता है। प्रेयसी मदनिका को चेट के साथ रेभिल के र भेज देता है और स्वयं अपने मित्र आर्यक के उद्धार में जुट जाता है। वह न केवल अपने मित्र आर्यक को कारामुक्त ही कराता है प्रत्युत् अपनी कूटनीति से षडयन्त्र कर पालक की गद्दी पलट कर आर्यक को उस गद्दी पर अभिषिक्त करा देता है। और वही चोर शर्विलक दशम अंक में राजा आर्यक के प्रतिनिधि के रूप में सामाजिकों के सम्मुख उपस्थित होता है।

विदूषक—

विदूपक का नाम मैत्रेय है। यह जाति का ब्राह्मण तथा चारुदत्त का नर्मसचिव ही नहीं, घनिष्ठ मित्र भी है। संस्कृत के अन्य नाटकों की तरह मृच्छकटिक के विदूषक की सृष्टि केवल हास्योत्पादन के लिए ही नहीं है पर, हास्यसृष्टि भी इसके व्यक्तित्व का एक महत्त्वपूर्ण अंग है। मैत्रेय मोदक खाने वाला केवल 'औदरिक' ब्राह्मण ही नहीं है, वह नायक चारुदत्त का एक सच्चा मित्र है, सुख-दुःख में साथ देने वाला एक अनन्य बन्धु। मैत्रेय पेटू ब्राह्मण होते हुए भी सुख में साथ देने वाला चारुदत्त का जैसा पक्का मित्र था वैसा ही उसकी दरिद्रता में भी साथ निभाने वाले सच्चा दोस्त है। चारुदत्त के शब्दों में वह उसका 'सार्वकालिक मित्र' है (अये, सर्वकालिक-मित्रं मैत्रेयः प्राप्तः)। चारुदत्त की गरीबी के कारण अब मैत्रेय को उसके यहाँ यथेच्छ वह भोजन नहीं मिलते, जिनसे वह पहले की तरह चौराहे के बैल जैसे जुगाली करता रहे; फिर भी चारुदत्त का वह ऐसा सच्चा मित्र है कि खाने पीने का जुगाड़ कहीं दूसरी जगह कर रात घोंसले की ओर लौटते कबूतर की तरह सोने के लिए चारुदत्त के घर आ जाता है। चारुदत्त के लिए कोई भी त्याग करने को वह प्रस्तुत है।

चारुदत्त की समृद्धि की वह सतत् कामना करता है। किसी भी स्थिति में वह चारुदत्त को दु:खी नहीं देखना चाहता है। वह रदनिका के अपमान की बात चारुदत्त के सामने इसलिए प्रकट नहीं होने देना चाहता है कि यह जानकर उसे मानसिक पीड़ा होगी। चारुदत्त की किसी भी तरह की वदनामी वह वर्दाश्त नहीं कर सकता था। दीपक जलाने के लिए उसके घर में तेल नहीं है—यह बात भी वह चारुदत्त के कान में ही कहता है। वह नहीं चाहता कि वसन्तसेना को चारुदत्त की दरिद्रता का थोड़ा भी आभास मिले। चारुदत्त उसे प्राणों से भी अधिक प्रिय है। उसके मरने पर वह स्वयं भी जीना नहीं चाहता है वह कट्टर धार्मिक नहीं है, देवी देवताओं की पूजा के प्रति उसकी यत्र-तत्र हल्की अनास्था प्रकट होती है। नैतिकता की अपेक्षा व्यावहारिकता में उसे विश्वास है। वसन्तसेना के चोरी गये अल्पमूल्य आभूषण के बदले धूता का बहूमूल्य रत्नहार वह नहीं देना चाहता है। 'वसन्तसेना चारुदत्त के घर आभूषण रक्खी ही नहीं' यह कहने में भी उसे हिचक नहीं होती है। वह भीतर से डरपोक है। वह अन्धेरे में अकेले चतुष्पथ पर जाने से इन्कार कर देता है। रदनिका को साथ लेकर ही वह बाहर निकलता है। रात में वसन्तसेना को भी उसके घर उसे अकेले छोड़ आने को वह प्रस्तुत नहीं होता। हाँ जब चारुदत्त उसे स्वयं पहुँचाने जाता है तो उसके साथ वह अवश्य चल देता है। स्वभाव से वह बड़ा ही विनोदी है। उसे मजाक खूब करना आता है। अपनी चेटी के साथ अभिसारिका वसन्तसेना जब चारुदत्त के घर रात में पहुँचती है तब सब कुछ जानते हुए भी बड़े मासूम ढंग से पूछता है—"देवी जी, इस घनघोर वर्षा में, अन्धेरी रात में भला आप किस लिए यहाँ पधारी हैं ?"

विदूषक थोड़ा वुद्धू भी है और क्रोधी भी—प्रथम अंक में रदनिका के अपमान से क्रुद्ध हो कर वह शकार और विट पर टूट पड़ता है। जब पैरों पर गिर कर विट गिड़गिड़ाता है तभी उसे मुक्ति मिलती है। कभी-कभी इस मूर्ख एवं अविवेकी क्रोध का दुष्परिणाम भी सामने आता है। नवम अंक में न्यायालय के दृश्य में वह शकार पर क्रुद्ध हो जाता है। परिस्थिति, परिवेश और स्थान का उसे कुछ भी ज्ञान नहीं रहता है। वह शकार से मार-पीट शुरू कर देता है। मार-पीट में उसकी वगल से वसन्तसेना के गहने वरामद होते ही चारुदत्त पर अभियोग सिद्ध हो जाता है और चारुदत्त को प्राणदण्ड दे दिया जाता है। वसन्तसेना को भी वह सन्दिग्ध दृष्टि से ही देखता है। यही है मैत्रेय का व्यक्तित्व।

भिक्षु—

शाक्यश्रमण होने के पूर्व भिक्षु संवाहक के रूप में सामाजिकों के सन्मुख उपस्थित होता है। यह दृढ़ प्रतिज्ञ, सत्याश्रयी, कर्मठ एवं धीर पुरुष

है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में वह घबड़ाता नहीं है। द्वितीय अंक में वसन्तसेना के साथ वार्त्तालाप के क्रम में इसके व्यक्तित्व का परिचय हमें मिलता है। संवाहक पहले पाटलिपुत्र का एक सभ्य नागरिक था। भाग्य-विपर्यय से वह उज्जयिनी में आकर संवाहक का काम सीखकर चारुदत्त का नौकर बन जाता है। वह पुरुषार्थी है और भाग्य की चुनौती को अपनी कर्मठता के आवरण में छिपा देना चाहता है। किन्तु, दुर्भाग्य उसे यहाँ भी साथ नहीं छोड़ता। चारुदत्त के दरिद्र बन जाने पर वह अपनी आजीविका का साधन द्यूतक्रीडा को बना लेता है। एक जुआरी बनने में उसे आत्मग्लानी नहीं होती। पर, दुर्भाग्य उसे यहाँ भी चैन से नहीं रहने देता है। एक दिन जुए में वह दस मोहर हार जाता है, और माथुर को चुका नहीं पाता है, वह वहाँ से भाग जाता है। पर, माथुर और द्यूतकार उसका पीछा करते हैं। जान बचाने के लिए वह वसन्तसेना के घर में घुस जाता है। वसन्तसेना सोने का गहना देकर उसे छुड़ाती है। संवाहक को इससे बड़ी आत्मग्लानि होती है और उसी दिन प्रव्रज्या लेकर वह बौद्ध-भिक्षु बन जाता है। यही बौद्ध-भिक्षु अचेत वसन्तसेना को चैतन्य बना कर चारुदत्त से मिलाता है।

भिक्षु संवाहक एक पुरुषार्थी व्यक्ति है। विपत्ति में भी उसका पौरुष उसे साथ देता रहा है। वह अपनी देह बेचकर भी जुए में हारे रुपये लौटा देने को प्रस्तुत है। अब तक इस नैराश्य के गहन अन्धकार में भी उसकी आत्मा मरी नहीं है। वसन्तसेना के सामने भी वह जुए में हारकर भागने की बात सीधे-सीधे कबूल कर लेता है। यह उसके व्यक्तित्व की सच्चाई है। वह वसन्तसेना के सामने चारुदत्त की प्रशंसा करते अघाता नहीं है, यह उसके हृदय की गुणग्राहिता ही है। वह कृतघ्न नहीं है, वसन्तसेना द्वारा किये गये उपकार का बदला वह उसके सेवकों को संवाहनकला सीखा कर चुकाना चाहता है। वह अपने निश्चय में सर्वथा और सर्वत्र दृढ़ है। उसे अपने संकल्प कोई पीछे नहीं हटा सकता है। वसन्तसेना के लाख मना करने के बावजूद वह प्रव्रज्या ग्रहण कर ही लेता है। वह जिस सम्प्रदाय में दीक्षित हुआ है, बड़ी निष्ठा और कठोरता के साथ उसका पालन करना वह जानता है। जीर्णोद्यान में शकार अकारण इसे अपमानित करता है फिर भी इसे क्रोध छू तक नहीं जाता है। बौद्ध सम्प्रदाय में स्त्रियों का स्पर्श बिल्कुल वर्जित है। प्राणान्तिक कष्टकाल में भी वह इस नियम का पालन करना जानता है। मृतप्राया वसन्तसेना की परिचर्या यह करता है किन्तु, उसे हाथ का सहारा देकर उठा नहीं पाता है। प्रत्युत् पार्श्ववर्त्ती एक लता को झुका देता है और वसन्तसेना को उसका सहारा लेकर खड़ा हो जाने को कहता है। भिक्षु का व्यक्तित्व उन्हीं गुणों के बीच अतिव्यावहारिक एवं आकर्षक है।

धूता—

धूता चारुदत्त की विवाहिता पत्नी है। यह भारतीय पतिव्रता नारी का एक ज्वलन्त उदाहरण है। यह एक ऐसी आदर्श पत्नी है जिसे अपने पति या पति की प्रेमिका के प्रति कुछ भी शिकायत नहीं है। यह एक ऐसी हिन्दू पतिव्रता नारी है जो अपने पति की प्रसन्नता के लिए कठोर से कठोर यातना झेलने को भी तत्पर रहती है। अपने पति को कलंक से बचाने के लिए वसन्तसेना के अल्पमूल्य आभूषण के लिए अपनी एकमात्र अवशिष्ट सम्पति बहुमूल्य रत्नहार देने में उसे थोड़ी भी हिचक नहीं होती है। वह अपने पति में पूर्णतः समर्पित है। पति का सुख ही उसका सुख है और उसका दुःख ही दुःख है। अपने पति के शरीर और धन से भी अधिक उसे पति की कीर्त्ति प्यारी है। वह यह जानती है कि उसके घर में रक्खे वसन्तसेना के गहने चोरी चले गये हैं; नहीं लौटाने पर उसके पति की अपकीर्त्ति होगी और उसके मूल्य को चुकाने की क्षमता अब उसके पति में नहीं है। यही सोचकर वह अपना बहुमूल्य रत्नहार उसके आभूषण के बदले उसे भेजना चाहती है। किन्तु, अपने मन की बात वह किसी पर प्रकट नहीं होने देना चाहती है। क्योंकि उसे पता है, अगर यह बात चारुदत्त को पता चल जाय तो वह रत्नावली कभी स्वीकृत नहीं करेगा। क्योंकि वह उसके स्वभाव से, स्वाभिमान से, और उसके शील से परिचित थी। इसके अतिरिक्त ऋणमुक्ति का उसके पास कोई दूसरा साधन भी नहीं था। इसलिए धूता बिना कुछ कहे रत्नषष्ठी के दान के बहाने वह बहुमूल्य रत्नावली विदूषक के माध्यम से उसके पास भेज देना चाहती है। वह साधुचरित्रा पतिव्रता धूता लोभ-मोह, शून्य होकर अपने पतिपद की सच्ची अनुगामिनी है। शब्द के सच्चे अर्थ में सहधर्मिणी है। चोरी गए आभूषण जब वसन्तसेना को मिल जाते हैं, उसका गुप्तभेद भी जब प्रकट हो जाता है; तो वसन्तसेना वह बहुमूल्य रत्नहार धूता के पास लौटा देना चाहती है। पर उदारचरिता धूता उसे सीधे अस्वीकृत कर देती है। वह भावप्रवण एक समर्पित पत्नी थी। वह जानती थी कि जो पदार्थ पति ने अपनी प्रेयसी को दे दिया उसे वापस लेना उचित नहीं। उसे पति से इतना अधिक प्रेम है कि पति की मृत्यु का समाचार पाने के पूर्व ही वह चिता में जलकर अपने आपको समाप्त कर देना चाहती है। उसे अपने पातिव्रत के सामने पुत्रस्नेह भी फीका प्रतीत होता है। एक आदर्श भारतीय पतिव्रता की तरह सर्वतोभावेन वह अपना अस्तित्व की सत्ता में ही अनुभूत करती थी। पंचम अंक में वसन्तसेना रात भर उसी के घर में उसके पति के साथ रहती है। यह जानकर भी धूता के मन में कोई मलाल नहीं, किसी तरह की चिन्ता नहीं अथवा वसन्तसेना के प्रति कोई द्वेष नहीं। बल्कि इस रहस्य से अवगत होने के बाद वह अपने पति की चहेती के साथ सोदरा बहन

का सा व्यवहार करना उचित समझती है; और वैसा भी करती है। वह शरीर से जितनी अधिक सुन्दर है; विचार में उतनी ही अधिक शालीन; व्यवहार में उससे भी अधिक पटु एक आदर्श माँ और चतुर सद्गृहिणी है।

मदनिका—

मदनिका यद्यपि वसन्तसेना की क्रीतदासी है, फिर भी शील, विचार, चिन्तन एवं क्रिया की समरूपता के कारण वह उसकी प्रियवयस्या है। एक गणिका की गृहपरिचारिका होकर भी मदनिका के विचार विकृत नहीं हैं। अन्य रूपाजीवा की तरह उसमें न तो विच्छृंखल वासना है और न पुरुषान्तर में रमणेच्छा वह वसन्तसेना की तरह एकनिष्ठ प्रेम की कामना करती है। किसी सत्पुरुष की सद्गृहणी बनकर जीवनयापन करना चाहती है। वसन्तसेना का उस पर अगाध स्नेह ही नहीं, अनन्य विश्वास भी है। चारुदत्त-सम्बन्धी अपने गोपनीय प्रणय रहस्य भी वह मदनिका से बतला देती है और मदनिका उसके इस अनुष्ठान में हृदय से सहयोग भी करती है। मदनिका शर्विलक से प्रेम करती है किन्तु, शर्विलक दरिद्र है और मदनिका दासी। उसे दासीत्व से मुक्त कराने के लिए धन की आवश्यकता है। शर्विलक चारुदत्त के घर सेंध लगाकर धन की व्यवस्था कर लेता है। चोरी के आभूषणों के साथ शर्विलक जब उससे मिलकर उसकी मुक्ति की बात उससे कहता है तो उसे प्रसन्नता नहीं होती, प्रत्युत् आभूषण लौटा देने का सत्परामर्श उसे देती है। इससे उसके नारीत्व की विशेषता और व्यक्तित्व की गंभीरता स्पष्ट होती है। एक ओर उसके प्रणयनिवेदन दूसरी ओर कर्त्तव्यनिष्ठा। वह एक शूर, कर्मठ और स्वाभिमानी पुरुष की पत्नी बनकर रहना चाहती है। हृदय से वह साहसिक कार्यों की प्रशंसा करती है। वह वीर पत्नी बनना चाहती है। अतः पाणिग्रहण के पश्चात् वसन्तसेना के घर से बाहर निकलते ही शर्विलक को जब यह पता चला कि उसके मित्र आर्यक को राजा पालक ने बन्दी बनाकर कारागृह में डाल दिया है तो मदनिका को एक मित्र के सहारे छोड़कर स्वयं आर्यक की मुक्ति हेतु प्रस्थान कर देता है। मदनिका उसे रोकने की अपेक्षा अप्रमत्त होकर काम करने की प्रेरणा देती है। हाँ, अपने को गुरुजन के पास पहले पहुँचा देने की प्रार्थना अवश्य करती है। इससे पता चलता है कि वह एक परिष्कृत विचार की सुन्दर महिला है। वसन्तसेना के घर में ही मदनिका शर्विलक पर अपना विवाह पूर्व प्रेम प्रकट कर देती है; वसन्तसेना के घर में अन्त तक वह इस रहस्य को छिपाए रखती है और इसी रहस्य के सहारे उसके जीवन की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ स्वतः अनकहे जुटती चली जाती हैं।

एतदतिरिक्त मृच्छकटिक के २७ पात्रों में अन्य छोटे-छोटे पात्र—जुआरिओं का सभिक, माथुर, दोनों रक्षक चेट, विट और रदनिका, रोहसेन

प्रभृति—अति प्रभावोत्पादक हैं आर्यक । चरित्र कअतिसूक्ष्म होते हुए भी अतिविशिष्ट है ।

मृच्छकटिक के चरित्र-चित्रण में संस्कृत के अन्य नाटकों की अपेक्षा एक अलग अपने ढंग की विलक्षणता है जो अन्यत्र उपलब्ध नहीं है। इसीलिए रेडर ने मृच्छकटिक के पात्रों को सार्वदेशिक माना है। डॉ० कीथ रेडर के इस मत से सहमत नहीं है। उनकी दृष्टि में शकार, विदूषक और मदनिका जैसे पात्र जिन्हें रेडर ने Cosmopolitan (सार्वदेशिक) माना है ठीक वैसे नहीं जँचते। उन्हें मृच्छकटिक में सर्वत्र भारतीय जीवन के संघर्ष एवं इसी की ऊष्मा दीख पड़ती है। उनके अनुसार मृच्छकटिक के पात्रों की अपेक्षा कालिदास के पात्र अधिक सार्वदशिक है। इस आलोचना के बावजूद मृच्छ-कटिक के पात्रों में सार्वदेशिकता का अभाव नहीं है। हाँ, भवभूति के राम या माधव निश्चय ही शुद्ध भारतीय कहे जा सकते हैं, किन्तु 'मृच्छकटिक' के सभिक, माथुर, संस्थानक जैसे पात्र इंगलैण्ड हो या अमेरिका जर्मन हो या जापान, रूस हो या चीन—विश्व के किसी भी कोने में चलते-फिरते नजर आ सकते हैं। अतः डॉ० कीथ की अपेक्षा डॉ० रेडर की आलोचना अधिक सशक्त प्रतीत होती है। यह सच है कि मृच्छकटिक के सभी पात्र सार्वदेशिक नहीं हैं; फिर भी कुछ पात्र ऐसे अवश्य हैं जिनके दर्शन हमें वम्बई, कलकत्ता, मद्रास, पटना या टाटा के चौराहे पर आज भी हो जाते ही हैं और यही मृच्छकटिक के चरित्र-चित्रण की विशेषता है।

मृच्छकटिक की कथा

प्रथम अङ्क—

नान्दी पाठ के बाद प्रस्तावना प्रारम्भ होती है। अकस्मात् अपने घर में भोज का आयोजन देखकर सूत्रधार चकित हो जाता है। पूछने पर उसे नटी बतलाती है कि 'अभिरूपपति' नामक व्रत की समाप्ति के बाद ब्राह्मण-भोजन की वह तैयारी कर रही है। पहले तो यह सुनकर सूत्रधार झुंझला उठता है, फिर उसके समझाने पर किसी ब्राह्मण को निमन्त्रण देने के लिए घर से बाहर निकलता है। रास्ते में उसकी भेंट मैत्रेय से हो जाती है। साग्रह अनुरोध सिद्धान्न भोजन और प्रचुर दक्षिणा के प्रलोभन पर भी जव मैत्रेय भोजन करने से इनकार कर देता है तब अगत्या सूत्रधार, किसी अन्य ब्राह्मण की खोज में बाहर निकल जाता है और प्रस्तावना यहीं समाप्त हो जाती है।

प्रथम अंक के प्रथम दृश्य में विदूषक चारुदत्त के मित्र चूर्णवृद्ध के द्वारा भेजा हुआ शाल लेकर आता है। चारुदत्त विदूषक को चौराहे पर मातृबलि अर्पित करने जाने को कहता है। विदूषक रात में अकेले चौराहे पर जाने से डरता है। चारुदत्त अपनी परिचारिका रदनिका को उसके साथ भेजता है।

प्रथम अङ्क के द्वितीय दृश्य में राजमार्ग पर वसन्तसेना का पीछा करते हुए शकार, विट और चेट प्रविष्ट होते हैं। शकार के कथन से वहीं वसन्तसेना को यह पता चल जाता है कि वह चारुदत्त के मकान के पास ही खड़ी है। शकार से बचने के लिए बड़े कौशल से वह चारुदत्त के घर में घुस जाती है।

इसी अङ्क के तृतीय दृश्य में रदनिका को लेकर मैत्रेय जब बाहर निकलता है, तो शकार रदनिका को ही वसन्तसेना समझ कर पकड़ लेता है। क्रुद्ध होकर मैत्रेय उसे मारने दौड़ता है। विट उसके पैरों पर गिरकर क्षमा माँग लेता है। कुछ वाद-विवाद के बाद शकार भी प्राण घातक धमकी देकर चेट के साथ लौट जाता है।

प्रथम अङ्क के चतुर्थ दृश्य में चारुदत्त अंधेरे में चुपचाप खड़ी वसन्तसेना को रदनिका समझकर बालक रोहसेन को भीतर ले जाने को कहता है, किन्तु वसन्तसेना भीतर घुसने में हिचकिचाती है। इसी बीच मैत्रेय रदनिका के साथ प्रवेश करता है। तब चारुदत्त वसन्तसेना को पहचानता है। वसन्तसेना अपना आभूषण वहीं रख देती है, और चारुदत्त उसे घर तक छोड़ आता है। इस अङ्क में यह भी पता चल जाता है कि वसन्तसेना कामदेवायतनोद्यान में चारुदत्त को देखकर उसके प्रति अनुरक्त हो गई थी।

द्वितीय अङ्क—

द्वितीय अंक के प्रथम दृश्य में मंच पर मदनिका के साथ वसन्तसेना उपस्थित होती है। चेटी के दुराग्रह के बावजूद वह अपने नित्यकर्म के लिए प्रस्तुत नहीं होती। मदनिका ने एकान्त में जब उदासी और उद्विग्नता का कारण पूछा तब उसके सामने उसने चारुदत्त सम्बन्धी अपना प्रेम व्यक्त कर दिया। चारुदत्त की गरीबी की ओर जब मदनिका ने संकेत किया तो उसका अनुराग कुछ और बढ़ गया।

द्वितीय अंक के द्वितीय दृश्य में एक विचित्र घटना घटती है। पाटलिपुत्र का एक सभ्य नांगरिक भाग्यविपर्यय से उज्जयिनी में आकर संवाहक का काम सीखकर चारुदत्त का सेवक बन जाता है। चारुदत्त के दरिद्र हो जाने पर, वह जुआरी बन जाता है। जुए में दस मोहर हार जाता है और माथुर को नहीं चुका पाता। माथुर और दर्दुरक में झगड़ा हो जाता है। दर्दुरक माथुर की आँखों में धूल झोंक देता है और अवसर का लाभ उठाकर संवाहक भाग निकलता है।

द्वितीय अंक के तृतीय दृश्य में माथुर और द्यूतकर की डर से भागा हुआ संवाहक वसन्तसेना के घर में घुस जाता है। द्यूतकर और माथुर उसका पीछा करते हुए वहाँ तक पहुँच जाते हैं। संवाहक चारुदत्त का पुराना नोकर है यह जानकर वसन्तसेना को बड़ी खुशी हुई। वसन्तसेना अपना सोने का

गहना उसे देकर संवाहक को छुड़ा लेती है। संवाहक को बड़ी आत्मग्लानि होती है और वह बौद्ध भिक्षु बन जाता है।

द्वितीय अङ्क के चतुर्थ दृश्य में उसी दिन वसन्तसेना का हाथी 'खण्डमोटक' छूट जाता है। रास्ते में वह एक शाक्य श्रमण को कुचलना ही चाहता था कि वसन्तसेना का चेट कर्णपूरक उसे बचा लेता है। पास में ही खड़ा चारुदत्त इससे प्रसन्न होकर कर्णपूरक को अपना दुशाला पुरस्कार में दे देता है। दुशाले को पहचान कर वसन्तसेना उसे ओढ़ लेती है और चारुदत्त को देखने के लिए अपनी अटारी की सबसे ऊँची छत पर चली जाती है।

तृतीय अङ्क—

तृतीय अंक के प्रथम दृश्य में चारुदत्त का चेट मंच पर आता है। मध्यरात्रि का समय है। चारुदत्त घर नहीं लौटे हैं। अतः चेट चिन्ता व्यक्त करता है।

तृतीय अंक के द्वितीय दृश्य में चारुदत्त और मैत्रेय रेभिल के घर से संगीत सुनकर लौटते हैं। संगीत की प्रशंसा करते हैं और सो जाते हैं।

तृतीय अंक के तृतीय दृश्य में शर्विलक वसन्तसेना की दासी मदनिका को गुलामी से छुड़ाने के लिए चारुदत्त के घर सेंध लगाकर चोरी करता है। वसन्तसेना के धरोहर वाले गहने चुरा लिए जाते हैं।

तृतीय अंक के चतुर्थ दृश्य में रदनिका शोर मचाती है। चारुदत्त और विदूषक जगते हैं। विदूषक की मूर्खता से स्वर्णभाण्ड चोरी हो गया है, फिर भी चारुदत्त कुछ नहीं बोलता है। चारुदत्त की पतिव्रता भार्या धूता पति को कलंक से बचाने के लिए अपना एकमात्र बहुमूल्य रत्नहार भेजती है और उसे लेकर विदूषक वसन्तसेना के घर प्रस्थान करता है।

चतुर्थ अङ्क—

चतुर्थ अंक के प्रथम दृश्य में वसन्तसेना मदनिका के साथ चारुदत्त का चित्र देखती मंचपर उपस्थित होती है। इसी बीच एक चेटी ने वसन्तसेना को आकर बतलाया कि शकार की गाड़ी तुम्हें लेने को आई है। माँ की आज्ञा है तुम जाओ। यह सुनकर वसन्तसेना क्रुद्ध हो जाती है और वहाँ जाने से इन्कार कर देती है।

चतुर्थ अङ्क के द्वितीय दृश्य में वसन्तसेना मदनिका को चारुदत्त का चित्र पलंग पर रखकर उसे पंखा लाने को भेजती है। इसी बीच शर्विलक चोरी के गहने लेकर वसन्तसेना के घर पहुँचता है। वसन्तसेना मदनिका और शर्विलक की बातों को छिपकर सुन लेती है। फलतः वसन्तसेना मदनिका को शर्विलक के हाथों में सौंप देती है।

चतुर्थ अङ्क के तृतीय दृश्य में शर्विलक राजा पालक के द्वारा आर्यक को

कैद किये जाने की घोषणा सुनता है। वह चेट के साथ मदनिका को सार्थवाह रेभिल के घर भेजकर स्वयं अपने मित्र को कारामुक्त कराने के लिए प्रस्थान करता है।

चतुर्थ अङ्क के चतुर्थ दृश्य में एक चेटी ने वसन्तसेना को यह सूचना दी है कि आर्य चारुदत्त के घर से एक ब्राह्मण आया है जो तुमसे मिलना चाहता है। वसन्तसेना प्रसन्न होकर उसे शीघ्र भीतर बुलवा लेती है। मैत्रेय ने बतलाया कि चारुदत्त उसके गहनों को जुए में हार गया है, इसलिए बदले में यह रत्नावली भेजी है। वसन्तसेना ने रत्नमाला लेकर मैत्रेय को यह कहकर बिदा कर दी कि वह स्वयं सायंकाल उससे मिलने आ रही है।

पञ्चम अङ्क—

पञ्चम अङ्क के प्रथम दृश्य में विदूषक ने लौटकर रत्नहार स्वीकृति की सूचना देते हुए यह बतला दिया आज सायंकाल वसन्तसेना स्वयं उससे मिलने आ रही है।

पञ्चम अङ्क द्वितीय दृश्य में वसन्तसेना का चेट चारुदत्त के पास उपस्थित होकर वसन्तसेना के आगमन की सूचना देता है।

पञ्चम अङ्क के तृतीय दृश्य में वसन्तसेना विट को साथ लेकर चारुदत्त के प्रति अभिसरण करती है। चारुदत्त उसकी प्रतीक्षा करता है। बादल गरज रहे हैं, बिजली कड़क रही है, पानी से तरबतर वसन्तसेना चारुदत्त के पास पहुँच जाती है।

पञ्चम अङ्क के चतुर्थ दृश्य में चारुदत्त अपने घर पर वसन्तसेना का स्वागत करता है। विदूषक वसन्तसेना के आगमन का कारण पूछता है। वसन्तसेना की चेटी रत्नावली का मूल्य पूछती है और चोरी का रहस्य बतलाते हुए स्वर्णभाण्ड दिखाती है। वसन्तसेना उस रात वहीं रहती है।

षष्ठ अङ्क—

षष्ठ अङ्क के प्रथम दृश्य में चारुदत्त पुष्पकरण्डक नामक बगीचे में चला जाता है और जाते समय वसन्तसेना से वहीं मिलने को कहलवा जाता है। वसन्तसेना प्रसन्न हो जाती है। वह चेटी के हाथ रत्नावली धूता के पास भेजती है। धूता लेने से इन्कार करती हुई उसे वसन्तसेना के पास लौटा देती है।

षष्ठ अङ्क के द्वितीय दृश्य में रदनिका रोते हुए चारुदत्त के पुत्र को गोद में लिए हुए वसन्तसेना के पास आती है। वह उसे खेलने के लिए मिट्टी की गाड़ी देती है। वह सोने की गाड़ी के लिए रोता है। वसन्तसेना बच्चे को सोने की गाड़ी बनवाने के लिए अपने गहने उतार कर दे देती है।

षष्ठ अङ्क के तृतीय दृश्य में वसन्तसेना अपने लिए भेजी गई गाड़ी में न

बैठकर भूल से पास में खड़ी दूसरी गाड़ी में बैठ जाती है, जो शकार की है। इसी दृश्य में गोपालदारक आर्यक कैदखाने से भागकर आता है, वह चारुदत्त की खाली गाड़ी में बैठ जाता है। गाड़ीवान उसे वसन्तसेना समझकर गाड़ी हांक देता है।

षष्ठ अङ्क के चतुर्थ दृश्य में रास्ते में रक्षक चन्दनक और वीरक उस गाड़ी को देखना चाहते हैं। चन्दनक उसे देखने जाता है और पहचानकर अभय देता है। इधर वीरक भी गाड़ी को देखना चाहता है तो चन्दनक उससे झगड़ा कर बैठता है।

सप्तम अङ्क—

यह अङ्क बहुत छोटा है। चारुदत्त मैत्रेय के साथ वसन्तसेना के आगमन की प्रतीक्षा करते दिखलाई पड़ता है। इतने में गाड़ी आ जाती है। विदूषक पर्दा हटाकर भीतर झांकता है। वह चिल्लाकर किसी पुरुष के होने की सूचना देता है। चारुदत्त स्वयं देखता है। आर्यक उससे शरण माँगता है। चारुदत्त उसे अभयदान देता है और बन्धन कटवाकर उसे विदा कर देता है।

अष्टम अङ्क—

अष्टम अङ्क के प्रथम दृश्य में हाथ में भींगी चीवर लिए हुए एक भिक्षु प्रवेश करता है। उद्यान की पुष्करिणी में चीवर धोने तथा जन्म से ही प्रव्रजित न होने का अपराध लगाकर शकार भिक्षु को अकारण पीटता है। विट उसे बचाता है। संन्यासी मौका निकाल कर वहाँ से खिसक जाता है। शकार और विट स्थावरक चेट की प्रतीक्षा में वहीं रहते हैं।

अष्टम अङ्क के द्वितीय दृश्य में वसन्तसेना बैलगाड़ी से उद्यान में पहुँचती है। पर, वहाँ शकार को देखकर सहम जाती है। शकार बहाने बनाकर विट और चेट को वहाँ से अलग हटा देता है और स्वयं वसन्तसेना के प्रति प्रेम प्रदर्शित करता है। जब वसन्तसेना उसकी प्रणय प्रार्थना को ठुकरा देती है तब वह क्रुद्ध हो कर उसका गला दबा देता है। वसन्तसेना मूछित होकर गिर जाती है।

अष्टम अङ्क के तृतीय दृश्य में चेट के साथ विट शकार के पास पुनः उपस्थित होता है। विट ने जब शकार से वसन्तसेना के बारे में पूछा तब उसने वसन्तसेना की मूर्च्छित देह की ओर इंगित करते हुए कहा कि मैंने इसे मार डाला है। यह सुनकर विट को आन्तरिक पीड़ा हुई। वह वहाँ से शर्विलक की खोज में निकल गया। इधर शकार ने चेट को घर भेज दिया और वसन्तसेना की देह को पत्तों से ढँक कर छोड़ दिया। चारुदत्त के विरुद्ध वसन्तसेना की हत्या का आरोप लगाकर न्यायालय में मुकदमा करने के लिए स्वयं चला गया।

अष्टम अङ्क के चतुर्थ दृश्य में वहाँ एक भिक्षु प्रवेश करता है। यह भिक्षु वही संवाहक है जिसे वसन्तसेना ने सहायता की थी। वसन्तसेना को मृत जानकर वह उसके पास पहुँचता है, उसे होश में लाकर समीप के बिहार में ले जाता है।

नवम अङ्क—

नवम अङ्क में शकार कचहरी में जाकर चारुदत्त पर यह अभियोग लगाता है कि उसने वसन्तसेना को आभूषण के लिए मार डाला है। कचहरी में चारुदत्त का मामला पेश होता है। वसन्तसेना की माँ को बुलवाया जाता है, वीरक और अन्य अपेक्षित लोग उपस्थित होते हैं। इसी बीच विदूषक भी कचहरी में आ जाता है। उसका शकार से झगड़ा हो जाता है। मार-पीट में विदूषक की बगल से वसन्तसेना के गहने बरामद हो जाते हैं। प्रमाण मिल जाने पर चारुदत्त को फांसी का दण्ड दे दिया जाता है।

दशम अङ्क—

दशम अङ्क के प्रथम दृश्य में चाण्डाल चारुदत्त को फाँसी देने श्मशान की ओर ले जाते हैं। विदूषक चारुदत्त के पुत्र रोहसेन को वहाँ ले आता है। रोहसेन चाण्डालों से प्रार्थना करता है कि उसके पिता को छोड़ दें और उसकी जगह उसी का वध कर दें। शकार के महल से चिल्लाकर इसी बीच स्थावर ने कहा चारुदत्त नहीं वसन्तसेना का हत्यारा शकार है। पर, किसी ने यह न सुना। तब एक खिड़की से कूदकर स्थावरक ने लोगों से घिरे चण्डालों को वही बातें दुहरा दी। पर, चाण्डालों ने स्थावरक को वहाँ से खदेड़ दिया।

दशम अङ्क के द्वितीय दृश्य में भिक्षु वसन्तसेना को लेकर वध्य स्थल में उपस्थित हो जाता है। इनके पहुँचने के पूर्व चाण्डाल एक बार अपनी तलवार चारुदत्त पर चला चुका था। किन्तु, तलवार उसके हाथ से छिटक कर दूर जा गिरती है। वसन्तसेना को जीवित देखकर चाण्डाल चारुदत्त को छोड़कर राजा को समाचार देने चले जाते हैं। वसन्तसेना को उपस्थित देखकर शकार वहाँ से भाग खड़ा होता है।

दशम अङ्क के तृतीय दृश्य में राज्य में विप्लव होने की सूचना श्मशान में आकर शर्विलक ने दी। राजा पालक को मारकर आर्यक राजा बन जाता है। चारुदत्त को फाँसी से छुटकारा मिल जाता है। शकार को झूठे अभियोग के लिए फाँसी की सजा हो जाती है। इसी बीच कुछ लोग शकार को पकड़ कर वहाँ ले आते हैं। शकार चारुदत्त की शरण में आ जाता है। चारुदत्त उसे क्षमा दिलवा देता है।

दशम अङ्क के चतुर्थ दृश्य में चन्दनक आकर सूचना देता है कि चारुदत्त के वध की सूचना से सन्तप्त उसकी पत्नी धूता चिता में कूदकर प्राण त्याग कर

रही है। सभी लोग वहीं पहुँच जाते हैं। चारुदत्त को देखकर धूता प्रसन्न हो जाती है। धूता और वसन्तसेना एक दूसरे को आलिङ्गन करती हैं। चारुदत्त को राज्य मिलता है। वसन्तसेना को वधू का सम्मानित पद मिलता है। पृथ्वी के सारे विहारों का कुलपति भिक्षु (संवाहक) को बना दिया जाता है। स्थावरक को गुलामी से मुक्तकर स्वतंत्र नागरिक बना दिया जाता है। दोनों चाण्डाल चाण्डालों के अधिपति बन जाते हैं। चन्दनक को पृथ्वी दण्डपालक का पद मिलता है। शकार का अधिकार पूर्ववत् अक्षुण्ण बना रहने दिया जाता है। और भरतवाक्य के साथ प्रकरण समाप्त होता है।

उपसंहार

मृच्छकटिक के अध्ययन के पश्चात् स्वभावतः हमारे सामने एक साथ कई प्रश्न उपस्थित होते हैं। विक्रमोर्वशीय या मालतीमाधव की तुलना में मृच्छकटिक की क्या स्थिति है ? जीवन की ऊष्मा को या सामाजिक चेतना को अभिव्यक्त एवं परिष्कृत करने की दिशा में इस प्रकरण की उपलब्धि क्या है ? क्या नाटककार ने जीवन और जगत् की समस्याओं का साक्षात्कार कर उनके समाधान का प्रयत्न किया है ?

कालिदास या भवभूति की रचनाएँ कुछ भिन्न युग की प्रसूति हैं, अतः कालिदास या भवभूति की उपलब्धियों का प्रतिबिम्ब मृच्छकटिक में ढूँढ़ना ही अनुचित है। उन दोनों में जो ऋजुताएँ, ताजगी एवं एक स्वच्छ प्रवाह के दर्शन हमें होते हैं, जीवन के शाश्वत सत्यों की गहरी और व्यापक पकड़ जो हमें मिलती है उनमें वर्णित चरित्रों में हमें जो एक गरिमा या उदात्तता मिलती है उनकी खोज मृच्छकटिक में एक अनर्गल प्रयास के अतिरिक्त और कुछ नहीं है।

जीवन के चिरन्तन सत्यों को प्राञ्जलतापूर्वक प्रतिष्ठित करने का जो श्रेय कालिदास को दिया जा सकता है, विषयों के वैविध्य, छन्दों की बहुरूपता, अलङ्कारों के सौष्ठव, भाषा की कलात्मक सजावट या कल्पना की विच्छित्ति और सुकुमारता भवभूति में हम पाते हैं, वही सब मृच्छकटिक के आकर्षण के केन्द्र नहीं हो सकते। इनके नाटकों में अंकित चरित्रों की उदात्तता या वर्चस्विता के प्रकाश में 'मृच्छकटिकम्' के चरित्र निष्प्रभ प्रतीत होते हैं। कालिदास या भवभूति का टटकापन यहाँ अभिव्यञ्जना की परम्परा में वासीपन की गन्ध समेटे हैं, फिर भी इसकी अपनी कुछ अलग ढंग की विशेषताएँ हैं जो इस कृति को एकान्त यश का हकदार बना देती हैं।

जीवन की संघर्षशील ऊष्मा की सर्वाङ्गीण प्रतिभा का रचनात्मक व्यक्तित्व तथाकथित शूद्रक के बाद संस्कृत साहित्य में कोई दूसरा कवि उत्पन्न हुआ ही नहीं। इस कवि ने मृच्छकटिक का नवीन शैली से श्रृंगार अवश्य किया,

किन्तु, इस साजसज्जा की औपचारिक परम्परा के अभाव में वे संस्कृत नाटकों की नई दिशा के निर्देशक नहीं ठहराये जा सकते। इनसे पूर्व संस्कृत नाटकों के पात्र नाटककार के व्यक्तित्व की छाया मात्र थे। किन्तु, शूद्रक ने उन्हें स्वतंत्र व्यक्तित्व प्रदान किया। शूद्रक ने अपने पात्रों के शील और स्वरूप निरूपण का प्रयास मृच्छकटिक में किया, संस्कृत नाटच साहित्य के लिए वह एक अभिनव वस्तु थी। इस दृष्टि से शूद्रक का ऐतिहासिक महत्त्व निश्चय ही अक्षुण्ण रहेगा। संस्कृत नाटक के प्रथम जीवन्त समस्या के पुरस्कर्त्ता के रूप में ख्यात रहेंगे।

मृच्छकटिक के लिए शूद्रक ने जिन घटनाओं की एक परिष्कृत सीमा तैयार की है उसका विस्तृत विवेचन किया जा चुका है। फिर भी हम यह कह सकते हैं कि शूद्रक की यह अमर प्रकरण-रचना 'मृच्छकटिकम्' प्राचीन नाटच, कला के लिए एकदम अछूता विषय नहीं रहा है। निर्धन युवा चारुदत्त और गायिका वसन्तसेना की रोमानी कथा पर रचित कई संस्कृत नाटक उपलब्ध हैं। चौथी शताब्दी में शूद्रक की इस नाटच-रचना के पूर्व दूसरी सदी में संस्कृत नाटककार भास ने 'दरिद्रचारुदत्त' लिखा था। ११ वीं शती में पुनः इसी कथा पर संस्कृत में नाटक लिखे गये और मंचित तथा चर्चित भी हुए। किन्तु, शूद्रक की विशेषता अपने आप में जीवन्त रही। इसके जीवन्त हास्य आम हास्य जैसा नहीं है, बल्कि पात्र के चरित्र, कथा के स्वरूप में स्वतः फूटता सा दिखलाई पड़ता है। इसी तरह प्रकरण के खलनायक शकार जब वसन्तसेना की हत्या करता है तो इसके पीछे है उसकी कुण्ठा, जो उसे वसन्तसेना के प्रेम में निराशा के रूप में मिलती है। लोगों का तिरस्कार, बढ़ता हुआ अकेलापन और इन सबसे उपजी कुण्ठा उसे हत्या जैसे जघन्य अपराध करने के लिए विवश करती है। मृच्छकटिक पर तो अब गिरीश कर्नाड़ के निर्देशन में 'उत्सव' नामक फिलम की रचना भी हो चुकी है।

तत्कालीन सामाजिक जीवन की पृष्ठभूमि पर शूद्रक ने बहुरंगी भारतीय संस्कृति के प्रभावोत्पादक चित्रों को उभार कर अंकित किया है। मृच्छकटिक में तात्कालिक सांस्कृतिक चित्रों में वर्त्तमान और भविष्य के लिए भी जीवन्त सन्देश है। विभिन्न विचारों का पारस्परिक संघर्ष तथा अवान्तर संस्कृतियों के वैषम्य को दिखलाते हुए भी वे मूलवर्त्ती भारतीय सांस्कृतिक धारा को सफल बनाये रखने में समर्थ दिखाई पड़ते हैं।

संस्कृत नाटकों में दुःखान्त नाटकों के लिए कोई स्थान नहीं है। शूद्रक ने भी इस परिपाटी का निर्वाह मृच्छकटिक में किया है। अतः मृच्छकटिक में आशावादिता का सन्देश सर्वत्र दिखाई पड़ेगा। नियतिवाद से अत्यधिक अभिभूत होने के कारण कवि आशावादिता को आधुनिक अर्थ के सन्दर्भ में ग्रहण

नहीं कर सका है, यह एक दूसरी बात है। मृच्छकटिक में नियतिवाद अपने पूरे उत्कर्ष पर है। सम्पूर्ण नाटक पर अवसाद की एक धुँधली परछाँई दिखाई पड़ती है। फिर भी, नाटक का पर्यवसान इस दृष्टि से आशामूलक है कि चारुदत्त ने अपनी प्रेयसी वसन्तसेना को वधू के रूप में प्राप्त कर लिया है।

शूद्रक ने चरित्र-निरूपण पर विशेष जोर देकर संस्कृत नाट्य साहित्य में अब तक चली आती हुई रस प्रधान नाटचधारा को एक जबरदस्त मोड़ दिया है। अनेक प्रकार की परिस्थितियों के बीच अपने पात्रों को खड़ा करके शूद्रक ने जिन अन्तर्द्वन्द्वों का मृच्छकटिक में विधान किया है, वे आधुनिक मनोविज्ञान के सर्वथा अनुकूल हैं। विरोधी विचारों वाले पात्रों की सृष्टि से संघर्ष की योजना में अधिक सहायता मिली है। चारुदत्त, शकार, वसन्तसेना, धूता भिन्न-भिन्न मनोदशाओं को व्यक्त करते हैं। इन सबों का चरित्र शूद्रक की काल्पनिक सृष्टि है। कवि का सशक्त व्यक्तित्व, दृढ़ इच्छाशक्ति, अदम्य उत्साह तथा प्राणवत्ता इन पात्रों के सर पर चढ़ कर बोलती है। नारी चरित्रों की द्विविध कल्पना के वे अद्भुत स्रष्टा थे। संस्कृत के अन्य नाटकों की तरह काव्यात्मक वातावरण का अभाव है। रंगमंच की दृष्टि से भी मृच्छकटिक अभिनेय नहीं है। घटना विस्तार, अंक और दृश्यों की भरमार और स्वगत कथन की अस्वाभाविकता आदि अनेक ऐसी बातें हैं जो अभिनेता के मार्ग में भयानक बाधा उपस्थित करती हैं। फिर भी इसकी लोकप्रियता अक्षुण्ण है।

विदुषां वशंवदः

डॉ० जगदीशचन्द्र मिश्र

मृच्छकटिकम्

पात्र-परिचय

पुरुष-पात्र

सूत्रधार	प्रधान नट
चारुदत्त	दरिद्र द्विजसार्थवाह, नायक
मैत्रेय	चारुदत्त का मित्र, विदूषक
शकार	राजा पालक का श्यालक, प्रतिनायक
विट	शकार का सहचर
चेट	शकार का दास
वर्धमानक	चारुदत्त का दास
संवाहक	चारुदत्त का भूतपूर्व भृत्य, जूए में सर्वस्व खोकर निर्वेद से पश्चात् भिक्षु
माथुर	सभिक
द्यूतकर, दर्दुरक	जुआड़ी
कर्णपूरक	वसन्तसेना का भृत्य
शर्विलक	मदनिका का प्रेमी ब्राह्मण, चोर
चेट	वसन्तसेना का दास
बन्धुल	वेश्यापुत्र
कुम्भीलक चेट	वसन्तसेना का दास
विट	वसन्तसेना का परिचारक
रोहसेन	चारुदत्त का पुत्र
स्थावरक चेट	शकार का दास
आर्यक	गोपाल-बालक, राजा पालक का कैदी, पश्चात् राजा
वीरक	राजा पालक का सेनापति
चन्दनक	राजा पालक का बलपति
	(दोनो राजापालक के नगररक्षक हैं ।)
भिक्षु	बौद्ध-सन्यासी, पूर्व आश्रम का संवाहक
शोधनक	न्यायालय में काम करने वाला नौकर
अधिकरणिक	न्यायाधीश
श्रेष्ठी	नगर का प्रतिष्ठित पुरुष, न्याय करने में अधिकरणिक का सहायक
कायस्थ	न्यायालक का लेखक (पेशकार)
चाण्डाल	फाँसी देने वाले जल्लाद ।

स्त्री-पात्र

नटी	सूत्रधार की पत्नी
वसन्तसेना	गणिका, नायिका
रदनिका	चारुदत्त की दासी
चेटी	वसन्तसेना की दासी
मदनिका	दूसरी दासी, शर्विलक की प्रेयसी
धूता	चारुदत्त की भार्या
चेटी	वसन्तसेना की दासी
छत्रधारिणी	वसन्तसेना की दासी
चेटी	चारुदत्त की दासी
वृद्धा	वसन्तसेना की माता

॥ श्रीः ॥

महाकविशूद्रकविरचितं

मृच्छकटिकम्

'विमला'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

अथ प्रथमोऽङ्कः

पर्यङ्कग्रन्थिबन्धद्विगुणितभुजगाश्लेषसंवीतजानो-
रन्तःप्राणावरोधव्युपरतसकलज्ञानरुद्धेन्द्रियस्य ।
आत्मन्यात्मानमेव व्यपगतकरणं पश्यतस्तत्त्वदृष्टया
शम्भोर्वः पातु शून्येक्षणघटितलयब्रह्मलग्नः समाधिः ॥ १ ॥

❀ विमला ❀

संश्लिष्टशूद्रकगिरः रुचिरार्थभाने
भूयान्मनागपि नहि स्खलनं कदापि ।
इत्याकलय्य हृदि भारति सानुकम्पम्
निष्कम्पमर्पय पदं मतिमन्दिरे मे ॥

अन्वय :—पर्यङ्कग्रन्थिबन्धद्विगुणितभुजगाश्लेषसंवीतजानोः, अन्तःप्राणावरोधव्युपरतसकलज्ञानरुद्धेन्द्रियस्य, आत्मनि तत्त्वदृष्टया व्यपगतकरणं आत्मानमेव पश्यतः, शम्भोः शून्येक्षणघटितलयब्रह्मलग्नः समाधिः वः पातु ॥ १ ॥

अथ तत्रभवान् महाविद्वान् पदवाक्यप्रमाणविचक्षणः सत्काव्यनिर्माणायार्पितक्षणः शूद्रकनामा कविवरः साधुशब्दप्रयोगे 'एकः शब्दः सम्यग् ज्ञातः सुष्ठु प्रयुक्तः' इत्यादिश्रुत्या धर्मं संभावयन् 'मृच्छकटिका'भिधानं 'प्रकरणं' कर्तुकामो निर्विघ्नपूर्वकं प्रारिप्सितसमाप्तिफलकं नतिरूपं प्रकरणप्रयोज्यं नान्दीपाठात्मकं मङ्गलमाचरति—**पर्यङ्कमित्यादि ।** पर्यङ्कस्य=योगासनस्य यः ग्रन्थिः सन्धिस्थलः तस्य बन्धे=धारणे, द्विगुणितः=द्विगुणतांगतः, यः भुजगः=विषधरः, तस्य आश्लेषेण=परिवेष्ट-

पर्यङ्कासन लगाने में दुहरे साँप के लिपट जाने से जिनकी दोनों जाँघें स्वतः कस कर बँध गई हैं, प्राणादि वायु को देह के भीतर ही रोक लेने से जिनकी सारी इन्द्रियाँ बाहरी ज्ञान से विरत हो चुकी हैं तथा तत्त्वदृष्टि से जिन्होंने अपने आप में ब्रह्म का साक्षात्कार कर लिया है वैसे शिव की वह ब्रह्मलीन समाधि आप सबों की रक्षा करें ॥ १ ॥

नेन, संवीते=आबद्धे, जानुनी=जानुद्वयं यस्य तस्य बद्धपर्यङ्कासनस्येति भावः। अन्तः= देहाभ्यन्तरे, प्राणानाम्=प्राणापानसमानादिवायूनाम्, अवरोधेन=प्रतिबन्धेन, व्युपरतम्=निवृतम्, सकलम्=सम्पूर्णम्, ज्ञानम्=बाह्यविषयकावबोधः, येषां तानि, रुद्धानि =नियन्त्रितानि, इन्द्रियाणि=श्रवणादीनि यस्य तस्य। तत्त्वदृष्टया=यथार्थज्ञानेन। आत्मनि=स्वस्मिन्। व्यपगतानि=निःसृतानि, करणानि=इन्द्रियादीनि यस्मात्तम् वा, व्यपगतम्=विनष्टीभूतम्, करणम्=जननादिकम् यस्य तम्। आत्मानम्=शुद्धचैतन्यस्वरूपम्, चिद्रूपमेव। पश्यतः=भावयतः। जीवात्मपरमात्मनोरैक्यमाकलयत इति भावः। शम्भोः=शङ्करस्य। शून्यस्य=आकाररहितस्य, ईक्षणेन=दर्शनेन, घटितः= निष्पादितः, यः लयः=लीनता, तेन ब्रह्मणि=परब्रह्मणि, लग्नः=संबद्धः। समाधिः= तपः। वः=युष्मान्, सामाजिकान्। पातु=रक्षतु॥ स्रग्धरावृत्तम्, तल्लक्षणम् यथा— 'म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्त्तितेयम्'॥ १॥

विमर्श—परिगतः अङ्कम् अनया इति पर्यङ्कः (अव्य० स०)। पर्यङ्क समाधि अवस्था में योगी के बैठने की विशेष अंगस्थिति। कोषगत इसका अर्थ है—वीरासन, योगासन, पलंगप्रभृति। काले महाशय ने पर्यङ्क को वीरासन कहा है। किन्तु कोषगत अर्थसाम्यता के बावजूद पर्यङ्क एक पारिभाषिक शब्द होने के कारण वीरासन से भिन्न है। वसिष्ठ द्वारा दी गयी वीरासन की एक परिभाषा—

एकपादमथैकस्मिन् विन्यस्योरौ तु संस्थितम्,
इतरस्मिंस्तथैवोरुम् वीरासनमुदाहृतम्॥

इस सन्दर्भ में शिवपुराण का भी एक श्लोक द्रष्टव्य है—

स्वस्तिकं पद्म मध्येन्दुं वीरं योगं प्रसाधितम्।
पर्यङ्कं च यथेष्टं च प्रोक्तमासनमष्टधा॥—शि० ७।२।३७।२०

शिवपुराण के इस श्लोक को देखते हुए निश्चयपूर्वक यह कहा जा सकता है कि पर्यङ्क वीरासन से भिन्न है। कुमारसंभव में कालिदास ने भी ३।४५, ५९ में 'पर्यङ्कबन्धस्थिरपूर्वकायम्' का प्रयोग किया है। टीकाकार मल्लिनाथ ने पर्यङ्क की व्याख्या वीरासन के रूप में की है।

पर्यङ्कग्रन्थ+इन्। गाँठ। पिलथी लगाकर बैठने की एक प्रक्रिया।

संवीत–(भू० क० कृ०) (सम्+वृ+क्त) आच्छादित, अलंकृत या लिपटा हुआ। 'अन्तःज्ञान' का प्रयोग 'इन्द्रिय' के विशेषण अथवा 'रुद्ध' के लिए क्रियाविशेषण के रूप में भी हो सकता है। इसी तरह 'व्यपगतकरण' का प्रयोग आगे आत्मानं के लिए विशेषण के रूप में अथवा पश्यतः के लिए क्रियाविशेषण के रूप में है।

तत्त्वदृष्टया—(तन्+क्विप्, तुक्, पृषो० तत्+त्व) वास्तविक स्थिति, दृष्टया—(दृश्+क्तिन्, तृ० ए० व०) समीक्षण। तत्त्वदृष्टि विचार की एक चरमोत्कृष्ट स्थिति है जिसमें समस्त ज्ञानेन्द्रियाँ आत्मलीन होकर परब्रह्म के साथ तदाकार हो जातीं हैं। बृहदारण्यकोपनिषद् में इसके सम्बन्ध में लिखा गया है—"यद्वै तन्न

अपि च—

पातु वो नीलकण्ठस्य कण्ठः श्यामाम्बुदोपमः ।
गौरीभुजलता यत्र विद्युल्लेखेव राजते ॥ २ ॥

अपि च=अन्यच्च—

अन्वयः—यत्र, गौरीभुजलता, विद्युल्लेखा, इव राजते, (सः) श्यामाम्बुदोपमः, नीलकण्ठस्य, कण्ठः, वः, पातु ॥ २ ॥

पात्विति । यत्र=कण्ठे, गौरीभुजलता—गौर्याः=पार्वत्याः, भुजः=बाहुः एव लता=बल्ली । वेष्टनसाधर्म्यादत्र भुजे लतात्वारोपः । विद्युतः=तडितः, लेखा=पंक्तिः इव=यथा, राजते=शोभते । (सः) श्यामः=सलिलाधिक्यान्नीलवर्णः, अम्बुदः=वारिवाहः, एव उपमा=सादृश्यम् यस्य स श्यामाम्बुदोपमः । नीलकण्ठस्य=निपीत-गरलसम्पर्दात्, नीलवर्णः कण्ठो यस्य तस्य शिवस्य । कण्ठः=गलप्रदेशः, वः=युष्मान्, पातु=रक्षतु ॥ २ ॥

पश्यति पश्यन्वै तन्न पश्यति नहि द्रष्टुं दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वात् । न तु तद्-द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यत्पश्येत् (बृ० उ० ४।३) ।

शून्य-ईक्षणम्—शून्यस्य ईक्षणम्=(शूनायै प्राणिवधाय हितं रहस्यस्थानत्वात् यत्, ईक्षणम्=ईश्+ल्युट्) शून्य में देखना । यह निर्विकल्पक समाधि की स्थिति है । भूमा की एक सुखद अनुभूति है । इस समय मनुष्य न दूसरी वस्तु देखता है, न सुनता है, न तो जानता है वही भूमा है । 'यत्र नान्यत्पश्यति नान्यत् शृणोति नान्यत् विजानाति स भूमा ।' भूमा ही असली सुख है । छान्दोग्योपनिषद् में इसका उल्लेख है—"यो वै भूमा तत्सुखं नान्ये सुखमस्ति" । (७।२३।१।) इसमें द्रष्टा-दृश्य, श्रोता-श्रव्य, ज्ञाता-ज्ञेय का भाव मिट जाता है ।

सजल जलद की तरह विषपायी शिव का नीला कण्ठ, जिसमें गौरी की गोरी बाहें बिजली की तरह शोभती हैं; आप सबों की रक्षा करें ॥ २ ॥

विमर्श—मंगलाचरण का यह दूसरा श्लोक सचेष्ट कल्पना, सायास शब्द-संयोजन एवं ध्वनितत्त्वों के समावेश के कारण अत्युत्कृष्ट बन गया है । वस्तु, रस एवं अल-ङ्कारों का ऐसा समावेश किया गया है जिस कारण यह बत्तीस अक्षरों का पथ्यावक्त्र अर्थचमत्कार में ध्वनि-प्रतिध्वनियों से परिपूर्ण संगीत समारोह-सा आकर्षक हो उठा है । श्लोक की प्रथम पंक्ति में एक आदर्श देवता की आदर्श व्याख्या प्रस्तुत की गयी है जो नान्दी का एक आवश्यक तत्त्व माना जाता है । दूसरी पंक्ति में भावों की मार्मिक अभिव्यक्ति व्यञ्जना की अनिवार्यता पर आरूढ़ है । श्लोक के चार शब्द 'कण्ठ' और 'भुजलता' तथा 'श्यामाम्बुद' एवं 'विद्युल्लेखा' अर्थच्छवि की दृष्टि से अधिक वेधक एवं मार्मिक हैं । पंचम अङ्क में कथाबीज का आभास हमें यहाँ ही मिल जाता है । "शिव के गले में गौरी की गोरी बाँह" से नायक चारुदत्त के प्रति नायिका वसन्तसेना का स्वाभाविक प्रेम प्रकट होता है । गौरी के द्वारा शिव के गले में बाँह

(नान्द्यन्ते)

सूत्रधारः—अलमनेन परिषत्कुतूहलविमर्दकारिणा परिश्रमेण। एवमहमार्यमिश्रान् प्रणिपत्य विज्ञापयामि, यदिदं वयं मृच्छकटिकं नाम प्रकरणं प्रयोक्तुं व्यवसिताः।

सूत्रधारः–अलमनेन–अनेन अलम् 'गम्यमानाऽपि क्रिया कारकविभक्तौ प्रयोजिका' इति वचनात् इह साधनक्रियां प्रति अनेन करणम्। अनेनात्र साध्यं नास्तीति भावः। परिषीदन्तीति व्युत्पत्त्या परिषच्छब्दोऽत्र सभायां स्थितस्य जनस्य वाचकः। परिषदाम् =सभ्यानाम्, कुतूहलस्य=उत्सुकतायाः, विमर्दकारिणा=विनाशकेन, व्यवधानविधायिना वा, अनेन=नान्दीपाठादिरूपेण, परिश्रमेण=प्रयासेन, अलम्=व्यर्थमिति। एवम्=इत्थम्, अहम्=सूत्रधारः, आर्यमिश्रान्=आर्याश्च ते मिश्राः आर्यमिश्रास्तान् गौरवितानित्यर्थः। 'गौरवितास्त्वार्यमिश्रा' इति त्रिकाण्डशेषः। यद्वा—आर्येषु= कुलीनेषु आहोस्वित्—

डालने से गौरी की उत्कण्ठा की तरह स्वयं आगे बढ़कर नायिका वसन्तसेना की आसक्ति नायक चारुदत्त के प्रति अभिव्यक्त होती है। 'नीलाम्बुद' शब्द का प्रयोग मेघाच्छन्न दिन में वसन्तसेना का अभिसरण भी सूचित करता है। साथ ही श्वेत विद्युल्लेखा से वसन्तसेना का पवित्र प्रेम तथा श्याम नीलाम्बुद से सांसारिक शकार आदि की मलिनता भी अभिव्यक्त होती है।

प्रस्तुत श्लोक के 'नीलकण्ठस्य कण्ठः' में लाटानुप्रास है। 'श्यामाम्बुदोपमः' में आर्थी समासगतोपमालङ्कार है। 'भुज एव लता' में रूपक अलङ्कार है। 'विद्युल्लेखा इव' में उपमा अलङ्कार है। कुल मिलाकर इसमें संसृष्टि नामक अलङ्कार है। 'मिथोऽनपेक्षतयैतेषां स्थितिः संसृष्टिरुच्यते।'—साहित्यदर्पण। इसमें 'पथ्यावक्त्र' नामक छन्द है। इसका लक्षण—'युजोश्चतुर्थेनोजेन पथ्यावक्त्रं प्रकीर्त्तितम्'।

नन्दयतीति नन्दः, नन्द+अच्। नन्दः एव नान्द (स्वार्थे अण्); नान्द+ई नान्दी। नन्दन्ति देवता अस्याम् इति नान्दी तस्य अन्ते समाप्तौ इति नान्द्यन्ते।

नान्दी का लक्षण भरतमुनि के शब्दों में—

आशीर्वचनसंयुक्ताः स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता॥
यस्यां बीजस्य विन्यासो ह्यभिधेयस्य वस्तुनः।
श्लेषेण वा समासोक्त्या नान्दी पत्रावलीति सा॥

अतः यहाँ पत्रावली नामक नान्दी है।

सूत्रधार—सभ्य जनों के नाटच दर्शन की उत्कण्ठा को भंग करने वाले इस नान्दीपाठ को बन्द करो, समादरणीय सभ्य जनों को प्रणाम कर मैं निवेदन करता हूँ कि हम लोग 'मृच्छकटिक' नामक इस प्रकरण का अभिनय करने के लिए सन्नद्ध हैं।

'कर्त्तव्यमाचरन्कर्म ह्यकर्त्तव्यमनाचरन् ।
तिष्ठति प्रकृताचारे स वा आर्य इति स्मृतः ॥'

इति स्मृत्युक्तलक्षणलक्षितेषु, मिश्राः = श्रेष्ठास्तान्, प्रणिपत्य = प्रणामं विधाय, विज्ञापयामि = आवेदयामि । वयम् = नटाः, मृच्छकटिकम्, मृदः = मृत्तिकायाः, शकटिका = चारुदत्तपुत्र-रोहसेनस्य क्रीडनार्थं षष्ठेऽङ्के वर्णितं मृत्तिकानिर्मितं क्षुद्र-शकटं यस्मिन्निति मृच्छकटिकम्, यद्वा; मृदः शकटम् मृच्छकटकम् अथ अस्तीति मृच्छ-कटिकम् 'अत इनिठनौ' (पा० ५।२।११५) इति ठन् । नाम = अन्वितार्थनामकं यदिदं, प्रकरणम्—

यत्र कविरात्मबुद्ध्या वस्तुशरीरं नायकं चैव।
औत्पत्तिकं प्रकुरुते प्रकरणमिति तद्बुधैर्ज्ञेयम् ॥'

इति भरतोक्तलक्षणलक्ष्यं रूपकविशेषम् । तत्प्रयोक्तुम् = अभिनयं कर्त्तुम्, व्यवसिताः = कृतनिश्चयाः ।

विमर्श—सूत्रधार— सूत्रं (कथासूत्रम्) धारयतीति, नटाध्यक्षः । सूत्र + धृञ् धारणे + अण् (कर्मण्यण्) । अर्थात् सम्पूर्ण कथासूत्र का सञ्चालन करने वाला । सूत्रधार का लक्षण इस प्रकार है—

नाट्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते ।
सूत्रं धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो निगद्यते ॥

मृच्छकटिकः—प्राचीन ग्रन्थ 'नाटचदर्शन' पृ० ४८-५० एवं 'भावप्रकाशन' पृ० २४३ में इस प्रकरण का नाम 'मृच्छकटी' या 'मृच्छकटिका' के रूप में उल्लिखित है। किन्तु, अनेक पाण्डुलिपियों एवं अभिनव संस्करणों में 'मृच्छकटिक' ही लिखा है। यह नामकरण षष्ठ अंक की एक अतिसामान्य घटना पर अवलम्बित है। नायक चारुदत्त का पुत्र रोहसेन खिलौने की गाड़ी के लिए रो रहा था। दासी रदनिका उसे मिट्टी की गाडी से बहलाना चाह रही थी। पर वह पड़ोस में देखी हुई सोने की गाड़ी की तरह गाड़ी चाह रहा था। हारकर रदनिका उसे वसन्तसेना के घर खेलाने ले गई। वहाँ भी वह रो रहा था। रोने का कारण जानने पर वसन्तसेना ने सोने की गाड़ी बनवाने के लिए अपने सभी स्वर्णाभूषण उस मिट्टी की गाड़ी में रख दिये। इसी घटना पर आश्रित मृद् = मिट्टी, शकटिका = खिलौने की गाड़ी, मृच्छकटिक नाम रक्खा गया।

प्रकरणम्—मृच्छकटिक एक 'प्रकरण' है। प्रकरण का इतिवृत्त कल्पित तथा लोकसंश्रय होता है। इसका नायक मंत्री, ब्राह्मण या बनिये में से कोई एक हो सकता है। इसका नायक धीरप्रशान्त कोटि का होता है तथा विघ्नों से युक्त होता है। नायक धर्म, अर्थ तथा काम में तत्पर होता है—

'अथ प्रकरणे वृत्तमुत्पाद्यं लोकसंश्रयम् ।
अमात्य-विप्रवणिजामेकं कुर्याच्च नायकम् ॥

एतत्कविः किल—

द्विरदेन्द्रगतिश्चकोरनेत्रः परिपूर्णेन्दुमुखः सुविग्रहश्च ।
द्विजमुख्यतमः कविर्बभूव प्रथितः शूद्रक इत्यगाधसत्त्वः ॥ ३ ॥

एतस्य=रूपकविशेषस्य, कविः=रचयिता ।

अन्वयः—द्विरदेन्द्रगतिः, चकोरनेत्रः, परिपूर्णेन्दुमुखः सुविग्रहः च, द्विजमुख्यतमः, अगाधसत्त्वः, शूद्रकः, प्रथितः, कविः, बभूव ॥ ३ ॥

द्विरदेन्द्रेति । द्वौ=उभौ, रदौ=दन्तौ यस्य सः द्विरदः=गजः, द्विरदेषु=गजेषु इन्द्रः=अधिपतिः, द्विरदेन्द्रस्य=गजपतेः, इव गतिः=गमनं यस्य सः मत्तगजराज इव मन्दगमनमिति भावः। चकोरः=प्रसिद्धपक्षिविशेषस्तस्य, नेत्रे=नयने इव, नेत्रे यस्य, अर्थात् चकोरसदृशसुखदनयन इत्यर्थः, परिपूर्णः=सकलकलासम्पन्नः, इन्दुः =सुधाकरस्तस्य मुखमिव मुखं यस्य सः सुधाकरसदृशसुन्दरवदनः । सु=सुष्ठु, विग्रहः =शरीरम् यस्य सः सुष्ठुकायः । द्विजमुख्यतमः—द्विजेषु=क्षत्रियेषु, मुख्यतमः=श्रेष्ठतमः, अगाधम्=विपुलम्, सत्त्वम्=बलं यस्यासौ, शूद्रकः=सूदते शत्रूनिति व्युत्पत्त्या शत्रुसूदनः इत्यन्वितार्थनामकः, प्रथितः=प्रसिद्धः, कविः=काव्यकलाकुशलः, बभूव= अभवत् ॥ ३ ॥

धीरप्रशान्तं सापायं धर्मकामार्थतत्परम् ।
शेषं नाटकवत् सन्धि-प्रवेशक-रसादिकम् ॥ दशरूपकम्, ३।३९-४० ।

मृच्छकटिक प्रकरण की कथा कल्पित है तथा लोकसंश्रय भी । इसका नायक चारुदत्त धीरप्रशान्त ब्राह्मण है । रस श्रृंगार है । इसमें शकार की दुष्टता के कारण कार्यसिद्धि विपदन्तर्हित है । इसकी नायिका गणिका वसन्तसेना है । इसका लक्षण—

'नायिका तु द्विधा नेतुः कुलस्त्री गणिका तथा ।'—दशरूपकम्, ३।४१.

निश्चय ही इसके रचयिता कवि—

गजराज की तरह मदमस्त गतिवाले, चकोर की तरह आकर्षक आँखों वाले, राकाचन्द्र की तरह मनोहर मुखवाले, सुगठित शरीरवाले, विपुलबलशाली क्षत्रियों में श्रेष्ठ शूद्रक नामक एक विख्यात कवि हुए ॥ ३ ॥

विमर्श—प्ररोचना—यहाँ से भारती वृत्ति का प्रथम अङ्ग प्ररोचना प्रारंभ होती है । कविप्रशस्ति द्वारा सामाजिकों को उसकी ओर उन्मुख करना, उनके मन को आकृष्ट करना प्ररोचना है । दशरूपककार के शब्दों में—

"उन्मुखीकरणं तत्र प्रशंसातः प्ररोचना"

"प्रस्तुतार्थप्रशंसनेन श्रोतॄणां प्रवृत्युन्मुखीकरणं प्ररोचना ।" दशरू० ३।६

भरतमुनि ने प्ररोचना का लक्षण एवं प्रयोजन इस प्रकार बतलाया है—

"अथाभ्युदयिनी चैव मङ्गल्याविजयावहा ।
सर्वपापप्रशमनी पूर्वरङ्गे प्ररोचना ॥
उपक्षेपेण काव्यस्य हेतुयुक्तिसमाश्रया ।
सिद्धेनामन्त्रणा या तु विज्ञेया सा प्ररोचना ॥' (नाटचशास्त्र २०।२८-२९)

अपि च—

ऋग्वेदं सामवेदं गणितमथ कलां वैशिकीं हस्तिशिक्षां
ज्ञात्वा शर्वप्रसादात् व्यपगततिमिरे चक्षुषी चोपलभ्य ।

अपि च=अन्यच्च

अन्वयः—ऋग्वेदम्, सामवेदम्, गणितम्, अथ, कलाम्, वैशिकीम्, हस्तिशिक्षाम्, ज्ञात्वा, शर्वप्रसादात्, व्यपगततिमिरे, चक्षुषी, च, उपलभ्य, पुत्रम्, राजानाम्, वीक्ष्य, परमसमुदयेन, अश्वमेधेन, च, ईष्ट्वा, दशदिनसहितम्, शताब्दम्, आयुः, च, लब्ध्वा शूद्रकः, अग्निम्, प्रविष्टः ॥ ४ ॥

ऋग्वेदमिति । ऋग्वेदम्=ऋक्संहिताम्, सामवेदम्=चतुर्षु वेदेषु स्तुतिमंत्र-परकप्रधानवेदम्, गणितम्=गणना-विज्ञानम्, अथ=च, कलाम्=चतुःषष्ठिसंख्यकां

प्ररोचना की यह व्युत्पत्ति—'प्रकर्षेण रोच्यते उपादेयतया ध्रियते प्रकृतोऽर्थोऽनयेति प्ररोचना' ही प्ररोचना की प्रक्रिया का रहस्य स्पष्ट कर देती है और प्ररोचना का जो प्रकृत अर्थ है वह यह है—

''पूर्वरङ्गे गुणस्त्युत्या प्रस्तुतप्रबन्धार्थस्य प्रीत्यादिहेतुत्वप्रशंसनेन सामाजिकानां श्रवणावलोकनोत्साहोत्पादनम्' । (नाटचदर्पण)

